


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 13 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-015 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### एकावरी जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़

**नगरी,13 अप्रैल.** थाना बोराई क्षेत्रान्तर्गत एकावरी जंगल मे पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस अधिकारी ने मुठभेड़ के बारे में अधिक जानकारी देते बताया कि 12-04-24 को रात्रि में थाना बोराई क्षेत्रांतर्गत एकावरी के जंगल में मैनपुर नुआपाड़ा संयुक्त डिवीजन के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना मिली थी। जिसके बाद एसटीएफ.,गरियाबंद डीआरजी एवं धमतरी डीआरजी एवं सीआरपीएफ. 211 बटा.की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी,सर्चिंग अभियान के दौरान कल रात्रि पुलिस एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान अभी लगातार जारी है.

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की मौत

**जांजगीर चांपा,13अप्रैल.** जिले के ग्राम पंचायत सेमरा में एक युवक की मौत हो गई है जो ग्राम मुडपार से सेमरा की ओर अपने घर वापस आ रहा था तभी सेमरा निवासी केदार साहू का ट्रैक्टर उसके घर के सामने के रोड़ में खड़ी थी अंधेरे में दिखाई नहीं देने के कारण ट्रैक्टर की ट्राली से टकरा कर हिमांशु कश्यप उर्फ बाबा की मौत हो गई। ट्रैक्टर मालिक के द्वारा सी सी कैमरा लगाया गया है पर घटना के बाद कैमरा खराब होने की बात कही है ट्रैक्टर की ट्राली से सर में चोट लगी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई घटना दिनांक 11/04/2024 लगभग शाम सात और आठ के बीच की है घटना के प्रत्यक्ष दर्शी हरनारायण निवासी हिरा गढ़ ने बताया कि घटना घटने के समय वह हिमांशु कश्यप के पिछे ही भवतरा से आ रहा था तभी ट्रैक्टर की ट्राली से टकराने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई सामाचार चलाए जाने तक ट्रैक्टर और ना ही दूर्घटनाग्रस्त मोटर साइकिल थाने नवागढ़ लाई गई है।

### कोयला खदान धंसने से दो की मौत

**अंबिकापुर 13 अप्रैल।** अवैध खदान धंसने से आज सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। घटना अंबिकापुर के सानी बर्रा सुखरी भंडार के जंगल की है,जहां कई महीनों से अवैध उत्खनन चल रहा है। आज अवैध उत्खनन के दौरान एक खदान धंस गयी। घटना में दो नाबालिग की मौत हो गयी। घटना उदयपुर थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची है। जानकारी के मुताबिक बंद हो चुके खदान से अवैध रूप से कोयला निकालने का काम किया जा रहा था। आज सुबह भी तीन युवक अवैध तरीके से कोयला की खुदाई में गये हुए थे। तीन युवकों में से एक युवक बाहर पानी निकला था, जबकि दो नाबालिग अंदर घुसकर कोयले की खुदाई कर रहे थे। इस दौरान जोरदार आवाज के साथ खदान धंस गया। इसी चपेट में दो लड़के आ गये। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। ये दोनों सानी बर्रा सुखरी भंडार के जंगल मे बांदा डोडा में खुदाई कर रहे थे। कोयले का अवैध उत्खनन, मृतकों का नाम 15 वर्षीय बुध लाल व दूसरे का नाम तिरंगा होना बताया जा रहा है।

### भोपाल के हैदरी मस्जिद में गूंजा हर-हर मोदी घर-घर मोदी

**भोपाल,13 अप्रैल.** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें मस्जिद हर-हर मोदी घर-घर मोदी के नारे गूंज रहे हैं. दावा किया जा रहा है कि मस्जिद में मोदी समर्थित नारों का यह वीडियो अलीगंज हैदरी मस्जिद का है. बताया जा रहा है कि बोहरा समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी प्रत्याशी आलोक शर्मा के पोस्टर लहराए और बोहरा समाज ने एकजुट होकर अबकी बार 400 पार, मोदी है तो मुमकिन है जैसे नारे लगाए.




पंचमी पर माता की भक्ति और मतदान की शक्ति

छाया: जावेद खान

## पीएम मोदी 14 को जारी करेंगे बीजेपी का घोषणापत्र

**नई दिल्ली,13 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी कर सकते हैं। जबकि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के कई नेता राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के मुख्यालय में मौजूद रहेंगे, जहां विज़न डॉक्यूमेंट जारी किया जाएगा। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। पिछले महीने घोषित की गई भाजपा की 27 सदस्यीय घोषणापत्र समिति की अध्यक्षता रक्षा मंत्री और पूर्व भाजपा प्रमुख राजनाथ सिंह करते हैं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल संयोजक और सह-संयोजक हैं।



बीजेपी के मुताबिक उसका मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास संकल्प पत्र पूरे देश के दृष्टिकोण का दस्तावेज है। अबकी बार 400 पार कॉ के साथ बीजेपी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। सूची में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्रियों - विष्णु देव साय और मोहन यादव के नाम भी शामिल हैं। भाजपा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भी चुनाव घोषणा पत्र समिति का सदस्य बनाया है।पैनल के सदस्यों में वसुंधरा राजे, स्मृति ईरानी, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, अर्जुन मुंडा, अश्विनी वैष्णव, किरेन रिजिजू और अन्य जैसे शीर्ष भाजपा नेता भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 27 सदस्यीय समिति में चार राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हैं- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव; हिमंत बिस्वा सरमा, असम के सीएम; विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री; और गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल।

चुनावी घोषणापत्र किसी पार्टी की नीतियों, उद्देश्यों और सत्ता में आने पर प्रस्तावित कार्यों की एक व्यापक घोषणा है जो मतदाताओं के लिए विभिन्न मुद्दों पर पार्टी के रुख को समझने के लिए एक रोडमैप के रूप में कार्य करता है। राजनीतिक दल अपने एजेंडे, प्राथमिकताओं और सामाजिक चुनौतियों के प्रस्तावित समाधानों को संप्रेषित करने के लिए घोषणापत्र जारी करते हैं। घोषणापत्र चुनाव के बाद पार्टियों को जवाबदेह भी बनाते हैं। मतदाता किए गए वादों को देख सकते हैं और आकलन कर सकते हैं कि क्या पार्टी शासन में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करती है।

## देश का संविधान बदलना चाहती है भाजपा, इसलिए कह रहे 'अबकी बार 400 पार' : भूपेश बघेल

**रायपुर,13 अप्रैल.** पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने सोमनी में आयोजित आमसभा में भाजपा को लेकर बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि भाजपा देश का संविधान बदलना चाहती है, ये हम नहीं खुद भाजपा के नेता कह रहे हैं, इसीलिए अबकी बार 400 पार का नारा दिया गया है. दरअसल, भूपेश बघेल राजनांदगांव के सोमनी में एक आमसभा में शामिल हुए. यहां सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है. वीडियो में वे कह रहे हैं कि भाजपा इस देश का संविधान बदलना चाहती है, ये हम नहीं खुद भाजपा के नेता कह रहे हैं, इसीलिए यह नारा दिया गया है अबकी बार 400 पार. उन्होंने कहा कि आज देश खतरा में है, संविधान खतरा में है. 2029 का चुनाव नहीं होगा, इसलिए ये चुनाव खास है. भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस ने महिलाओं पर फोकस बढ़ाया. कांग्रेस नेता आज रायपुर के सभी 70 वार्डों में महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी योजना का फॉर्म भरवाएंगे. वार्डों में शिविर लगाकर फॉर्म भरवाएं जाएंगे. इस योजना के जरिए कांग्रेस महिलाओं से सालाना एक लाख रुपये देने का वादा कर रही है.



### ट्रेलर ने बोलेरो को मारी टक्कर

**रायगढ़,13 अप्रैल.** जिले से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां शुक्रवार की दोपहर एनएच 49 में तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक बोलेरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बोलेरो सवार आधे दर्जन से भी अधिक यात्री घायल हो गए। घटना के बाद से ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। घटना खरसिया थाना क्षेत्र की है। खरसिया से सक्ती की तरफ जा रहे एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 एसी 4624 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बोलेरों क्रमांक सीजी 13 सी 7394 को अपनी चपेट में ले लिया। ॉ

## डायनासोर की तरह गायब हो जाएगी कांग्रेस: राजनाथ

**जगदलपुर,13 अप्रैल**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के समर्थन में दंतेवाड़ा जिले के गीदम से चुनावी सभा को संबोधित किया। राजनाथ सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में आप लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की झोली को भर दिया है इसलिए आप सबका धन्यवाद करने आया हूं। भारत को विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में हमारे छत्तीसगढ़ का बहुत बड़ा योगदान होगा। राजनाथ सिंह ने कहा, मेरा छत्तीसगढ़ के साथ बहुत अटूट रिश्ता है। छत्तीसगढ़ जब राज्य बना था तब पहली विधानसभा का चुनाव हुआ था तो उस समय पार्टी की तरफ से, केंद्र की तरफ से प्रभारी बन के यहां आया था। तब लोग कहते थे कि भाजपा की सरकार नहीं बनेगी लेकिन हालत बदलते चले गए। जनता ने यह समझना प्रारंभ कर दिया कि अगर छत्तीसगढ़ का भाग्य कोई बदल सकता है तो वह भाजपा ही बदल सकती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी इतने सालों तक हुकूमत में रही है। लंबे समय तक इन लोगों ने भारत को लूटा है और लंबे समय तक सरकार चलाई है। जब-जब कांग्रेस की सरकार यहां आई है, तब भ्रष्टाचार तेजी के साथ बढ़ा है।जब-जब कांग्रेस की सरकार आती है, तब-तब घोटालों की बाढ़ आ जाती है।



राजनाथ सिंह ने कहा, आपने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार तो बना दी थी, सब घोटाला तो अलग यहां गोठान घोटाला हो गया, गोबर का घोटाला हो गया। पशुधन के चारों के साथ भी घोटाला कर दिया। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, इस चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ से कांग्रेस भी निपट जाएगी। जिस तरह से धरती से डायनासोर लुप्त हो गए, उसी तरह कांग्रेस भी गायब हो जाएगी। इससे पहले केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर पहुंचे। रक्षा मंत्री राजनाथ का जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में भाजपा पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। राजनाथ सिंह बस्तर के बाद कांकेर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी के दौरे पर विष्णुदेव साय ने कहा, राहुल गांधी जहां जहां जाते हैं, वहां कांग्रेस का बंटाधार ही होता है।

## तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल संग नहीं कराई गई सुनीता की फेस टू फेस मीटिंग

**नई दिल्ली,13 अप्रैल.** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने तिहाड़ जेल प्रशासन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया तीन बार के दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की उनकी पत्नी की मुलाकात फेस-टू- फेस नहीं कराई जा रही। दोनों की मुलाकात कराते वक्त बीच में जंगला होता है, जबकि दिल्ली की जेल में खूंखार अपराधियों की मुलाकात भी बैरक में कराई जाती है। संजय सिंह ने आरोप लगाया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और मेरी मुलाकात होनी थी, लेकिन अचानक से मेल भेजकर उसे कैंसिल कर दिया जाता है। हवाला दिया कि सुरक्षा कारणों से मुलाकात को रद्द कर दिया गया, जबकि हम लोगों को 4152 टोकन नंबर जारी किया गया था। मैं दिल्ली



का सांसद हूं, लेकिन मुझे भी मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही है। इसी जेल में सुब्रत राय व चंद्रा ब्रदर्स को बाकायदा बैठक करने की इजाजत थी, जिससे चाहते थे, उससे मिल सकते थे और कागजात भी साइन कर सकते हैं। सुब्रत राय को इंटरनेट और फोन कॉल तक की अनुमति दी गई थी। संजय सिंह ने कहा, जेल का नियम 602 और 605 ये कहता है कि किसी की भी मुलाकात आमने-सामने करवाई जा सकती है। अरविंद केजरीवाल का परिवार चिंतित और परेशान है, मां-बाप दोनों बीमार हैं। जब अरविंद केजरीवाल की पत्नी मुलाकात के लिए आवेदन करती हैं तो उन्हें कहा जाता है कि आप आमने-सामने नहीं मिलेंगे, बल्कि जंगले से मिलेंगे, इतना अमानवीय व्यवहार? बता दें कि, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और उनके पूर्व निजी सचिव बिभव कुमार ने मंगलवार 9 अप्रैल को तिहाड़ जेल में आप? के नेता और दिल्ली के सीएम से मुलाकात की थी।

## कोरबा में स्कूल वैन दुर्घटनाग्रस्त 7 बच्चों की हालत गंभीर

**कोरबा 13 अप्रैल।** कोरबा से एक बड़ी खबर आ रही है। स्कूली बच्चों से भरी वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। घटना में 7 स्कूली बच्चों के



घायल होने की खबर है। घटना में घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि स्कूल वैन चला रहा लड़का नाबालिग है। गाड़ी चलाने के दौरान ही वो मोबाइल पर बात कर रहा था, जिसकी वजह से दुर्घटना हुई। दीपका के सेंट थामस पब्लिक स्कूल में छुट्टी होने के बाद स्कूल वैन बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान सड़क किनारे बिजली खम्भे में जा टकराई और हादसे के बाद हड़कंप मच गया। घटना दीपका थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ, जब तेज रफ्तार स्कूल वैन अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकरायी। घटना की सूचना मिलते ही दीपका पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्चों को तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक स्कूल में छुट्टी के बाद बच्चों को वैन से घर छोड़ा जा रहा था, इसी दौरान ये हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के धमतरी में भी पिछले दिनों स्कूल वैन दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, इस घटना में जहां एक स्कूली बच्चे की मौत हो गयी थी.

## कोलकाता में आतंकियों ने 4 होटलों में बदला ठिकाना

**कोलकाता,13 अप्रैल.** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था. दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसी ने कोलकाता की कोर्ट में पेश कर तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर बेंगलुरु ले आई. दोनों आरोपियों को जांच और पूछताछ के बाद फिर से शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से अदालत ने दोनों आरोपियों को 10 दिनों की हिरासत में भेज दिया है. अब जानकारी आ रही है कि अब दोनों आरोपियों से पूछताछ करेगी आरोपियों को विस्फोट स्थल पर ले जाकर जल्द ही स्पॉट इंक्वायरी की जाएगी. साथ ही आरोपियों को उस जगह भी ले जाया जाएगा, जहां वो बेंगलुरु और चेन्नई में रुके थे. वहीं, इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रतिक्रिया देते हुए एनआईए और कर्नाटक पुलिस को धन्यवाद दिया है. बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के दोनों आरोपी ताहा और शाजिब 28 मार्च तक कोलकाता में रहे. इस दौरान वो कोलकाता के 4 होटलों में रुके. आरोपियों ने 13 मार्च को लेनिन सारनी में पैराडाइज होटल में चेक इन किया था और 14 मार्च को चेक आउट किया था. इससे पहले आरोपी 12 मार्च को चेक इन किया और यहां से 13 मार्च को चेक आउट किया. इसके बाद वह पैराडाइज इन चले गए. फिर बाद में आतंकी इकबालपुर और खिदिरपुर में एक-एक दिन 21 और 22 मार्च तक रुके और अंत में दोनों आरोपी खिदिरपुर-इकबलपुर के एक अन्य होटल में 25 से 28 मार्च तर रुके थे. सूत्रों के अनुसार, फिर वो यहां से दीघा की ओर चले गए. बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए द्वारा दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि मैं एनआईए और कर्नाटक की पुलिस को धन्यवाद देता हूं. उन्होंने आरोपियों को कोलकाता से गिरफ्तार किया और अब उन्हें बेंगलुरु लाया गया है. जांच पूरी होने दीजिए. उसके बाद सारी चीजें लोगों के सामने आ जाएंगी. सीएम के अलावा कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि हमने जांच शुरू कर दी है. सभी इनपुट एनआईए के साथ साझा किए गए थे. हमारी पुलिस ने बहुत अच्छे इनपुट साझा किए हैं. वास्तव में जो टोपी उसने (आरोपी ने) जो पहना था, वह चेन्नई में खरीदा गया था... वो इस वक्त कोलकाता के एक गांव में रह रहे थे. क्या उनकी बांग्लादेश भागने की कोई योजना थी, इस समय ऐसा लगता है कि वो कहीं भागना चाहते थे.

### 4 किलोमीटर मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए लोगों को किया गया जागरूक

## बेटियों के साथ बाइक रैली में शामिल हुए कलेक्टर

**आरंग,13 अप्रैल.** स्वीप के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर पूरे रायपुर जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरंग ने एक बार फिर मतदाता जागरूकता का बड़ा संदेश दिया है. आरंग में 4 किलोमीटर तक मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया.



इस आयोजन में रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह सहित कई अधिकारी रायपुर से बाइक रैली के माध्यम से मंदिर हसौद, लखौली, रसनी होते हुए आरंग पहुंचे. खास बात यह रही कि इस रैली में कलेक्टर गौरव सिंह की दोनों बेटियां भी उनकी साथ रही. आरंग के रसनी टोल प्लाजा के पास सैकड़ों की संख्या में बाइक सवार रायपुर से रैली के आने का इंतजार कर रहे थे. जैसे ही रैली आरंग पहुंची वैसे ही मानव श्रृंखला में शामिल लोगों ने ताली बजाकर सभी का स्वागत किया. इस दौरान सभी ने मतदान जागरूकता के नारे भी लगाए. रैली में लोकसभा पर्यवेक्षक आस्थानंद पाठक, रणविजय, संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एडीएम देवेंद्र पटेल भी शामिल हुए.

इस दौरान रायपुर कलेक्टर और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गौरव कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया. वहीं पर्यवेक्षक आस्थानंद पाठक ने मतदान की शपथ दिलाई. इसके बाद अधिकारियों ने मतदान जागरूकता का संदेश देने वाले गुब्बारों को आसमान में छोड़ा. अधिकारियों ने मानव श्रृंखला में शामिल होकर मतदाताओं से मुलाकात की और मतदान करने की अपील की. कार्यक्रम के बाद कलेक्टर सहित सभी पदाधिकारी बाइक रैली के माध्यम से अभनपुर के लिए रवाना हो गए. आरंग में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक निर्वाचन अधिकारी और आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा, तहसीलदार सीता शुक्ला, जनपद पंचायत सीईओ कुमार सिंह लहरे, नगर पालिका सीएमओ केके पटेल, महिला और बाल विकास अधिकारी ऋषि बंजारे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत, थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम, पशु चिकित्सा अधिकारी जेपी घृतलहरे सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और आमजन उपस्थित रहे.

## आदिवासियों से जल-जंगल छीनना चाहते हैं मोदी: राहुल

**जगदलपुर,13 अप्रैल**

छत्तीसगढ़ में चुनावी प्रचार के लिए लगातार दोनों दल के बड़े नेता बस्तर पहुंच रहे हैं. कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज चुनाव प्रचार के लिए बस्तर पहुंचे. उन्होंने बस्तर ब्लॉक के लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के लिए वोट मांगा. उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार को जमकर कोसा. राहुल गांधी ने कहा, हम आपको आदिवासी कहते हैं मोदी आपको वनवासी कहते हैं. हिदुस्तान में जब कोई नहीं था तब आदिवासी यहां वास करते थे, यहां के जल जंगल सब पर उनका हक था. जो आपको वनवासी कहते हैं वो हिदुस्तान का हिस्सा नहीं मानते. हम आपके लिए पेशा कानून लाए, मनरेगा लाए, भाजपा के लोग आरएसएस के लोग आपके विचार भरोसा पर आक्रमण करते हैं, हिंदुस्तान में जंगल कम हो रहा है. यह जंगल जमीन मोदी जी अडानी को पकड़ा रहे हैं. ये चाहते हैं कि आप बड़े शहरों में ना जाए, बड़ी कंपनियों में काम ना करें, लेकिन हम चाहते हैं आप आगे बढ़े. राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी कभी समंदर के अंदर घुस जाते हैं पूजा करते हैं. कोविड में थाली बजाओ कहते हैं, जब सांसे नहीं चल रही थी लाशें रखने की जगह नहीं थी, जब थाली से काम नहीं चला तब कहते हैं मोबाइल का टॉर्च जलाओ. जब मजदूर उस वक्त घर वापस जा रहे थे उस वक्त दिल्ली की सरकार ने कोई मदद नहीं की. सारा सुविधा अडानी अंबानी को दे देते हैं. किसी भी राज्य में चले जाओ सब कहते हैं सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है. उन्होंने कहा, राम मंदिर का उदघाटन हुआ. देश के राष्ट्रपति आदिवासी है उनको मना कर दिया कि आप राम मंदिर के उद्घाटन में नहीं आएगी, ये मैसेज पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया. भाजपा के लोग आदिवासी के ऊपर पेशाब करते हैं, ये है आदिवासियों की स्थिति, आदिवासियों से उनका जल जंगल छीनना चाहते हैं. भाजपा अपना पूरा धन अडानी अम्बानी को दे दिए. कांग्रेस 5 काम करने जा रही है, बेरोजगारी 30 लाख रिक्त पद है, 30 लाख पद को हमारी सरकार बनते ही आपके हवाले कर देंगे. हम आपके लिए मनरेगा लाये थे जिससे करोड़ों लोगों को लाभ मिला, अब हम अप्रेंटिशिप लाने वाले हैं, जिससे हिंदुस्तान के सभी पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं को एक साल की नौकरी मिलेगी. उनकी ट्रेनिग होगी और उनके खाते में 1 लाख रुपए डाला जाएगा. वो अच्छे काम कर रहे हैं तो उन्हीं संस्था में उनकी नौकरी पक्की होगी.



राहुल गांधी ने कहा, गरीब लोगों को कभी भी नौकरी से निकाल दिया जाता है, अब कांग्रेस ठेकेदार पद्धति को बंद कर रही है. अब आपको ठेकेदार से नौकरी नहीं मिलेगी परमानेंट नौकरी होगी. हमारी सरकार आते ही किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा. हम महिलाओं की जिंदगी बदलना चाहते हैं, नरेंद्र मोदी ने अरबपतियों को पैसा दिया, जब वो अरबपति को दे सकते हैं तो हम अपने महिलाओं को क्यों नहीं दे सकते. जो गरीब रेखा में आते हैं ऐसे सर्वे करवा के एक परिवार से एक महिला को चुना जाएगा, जिसके खाते में महीने में 8500 और साल में 1 रुपए लाख डाले जाएंगे. एक झटके में हम हिंदुस्तान से गरीबी मिटा देंगे.उन्होंने कहा, महिलाओं को 50 % आरक्षण नौकरियों में देने जा रहे हैं. नरेंद्र मोदी कहते हैं हम आदिवासी को भागीदारी देते हैं, लेकिन आदिवासी किसी अधिकारी पद पर है तो उनकी भागीदारी 10 पैसे की होती है. देश का पूरा का पूरा धन 8 10 लोगों के पास जा रहा है. जाति जनगणना के बाद यह पता चल जाएगा कि कितना धन किसके पास है. हिंदुस्तान के 90 % लोग बड़ी कंपनियों में नहीं है. राहुल गांधी ने कवासी लखमा के पक्ष में वोट मांगते हुए अपना संबोधन समाप्त किया.

## एक नजर

### अनाचार का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई 13 अप्रैल।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र नाबालिग को बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर भगाकर लेकर गया उसके साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 363, 366,376, पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई - 3 टीआई पीडी चंद्रा ने बताया कि सूचना पर ग्राम अकलोरडीह भिलाई - 3 निवासी गोकुल ठाकुर नाबालिग के साथ नागपुर से पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।

### गुड़ के कारोबारी से चार लाख 89 हजार 999 रुपये की ठगी

भिलाई 13 अप्रैल। छावनी थाना क्षेत्र आनलाइन ठगी करने वाले एक शातिर ने गुड़ के कारोबारी से चार लाख 89 हजार 999 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित गुड़ के थोक व्यापारी को आनलाइन भुगतान कर रहा था, लेकिन उसका आइएफएससी कोड गलत मिलने उसने पहले कस्टमर केयर नंबर पर फोन किया वहां से कोई मदद न मिलने पर उसने गूगल पर एक और नंबर सर्च किया वह नंबर साइबर ठग का था उसने भुगतान करने के लिए आइडी डिवाइस अपडेट करने के लिए बोला और उसी दौरान उसके मोबाइल को हैक कर उसके खाते से रुपये पार कर दिए घटना की शिकायत पर छावनी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की है छावनी प्रभारी चेतन सिंह चंद्राकर ने बताया कि आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड निवासी शिकायतकर्ता अनमोल अग्रवाल की कैंप-दो जलेबी चौक में एक फर्म है जहां से वह गुड़ का व्यापार करता प्र है उसने करनाल हरियाणा के एक थोक व्यापारी से गुड़ की खरीदी की थी जिसका वह आनलाइन भुगतान कर रहा था, लेकिन आइएफएससी कोड गलत होने के कारण वह भुगतान नहीं कर पा रहा था उसने आइसीआइसीआइ बैंक के कर्मचारी कुणाल साहू को फोन किया तो उसने उसे एक कस्टमर केयर का नंबर दिया जिस पर फोन करने पर किसी ने काल रिसीव नहीं किया उसने फिर से कुणाल से संपर्क किया तो उसने गूगल पर आइएफएससी कोड सर्च करने के लिए कहा पीड़ित ने गूगल पर चर्च किया तो वहां पर ठग द्वारा अपडेट किया गया कस्टमर केयर का फर्जी नंबर मिला आरोपित ने कहा कि भुगतान करने के लिए उसे नेट बैंकिंग की आइडी डिवाइस अपडेट करनी होगी।

### गांजा बेचने वाला पकड़ाया

**भिलाई 13 अप्रैल।** भिलाई तीन के ग्राम करसा से उतई में गांजा बेचने जा रहे एक युवक को पुलिस ने डूमरडीह के मिनीमाता चौक के पास पकड़ा है आरोपित से कुल एक किलो 350 ग्राम गांजा मिला पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है। आरोपित को जेल भेजा गया है ग्राम करसा भिलाई-तीन निवासी आरोपित विनय साहू (24) को डूमरडीह के मिनीमाता चौक के पास से गिरफ्तार किया गया आरोपित एक बैग में गांजा लेकर बेचने के लिए उतई जा रहा था बैग की तलाशी लेने पर उसमें 91 छोटी- छोटी पुड़िया में गांजा भरा मिला। हर पुड़िया में करीब पांच ग्राम गांजा भरा था वहीं एक बड़ी पुड़िया में 850 ग्राम गांजा था पूछने पर आरोपित ने बताया कि वह गांव के गांजा पीने वाले नशेड़ियों के बीच उसे बेचने के लिए लेकर पहुंचा था आरोपित थाना लाया गया और न्यायालय पेश कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### एटीएम में तोड़फोड़, गिरफ्तार

**भिलाई 13 अप्रैल।** पुलगांव चौक स्थित एसबीआइ के एटीएम में अज्ञात आरोपित ने चोरी की नीयत से तोड़फोड़ की। आरोपि देर रात को एटीएम में घुसा और चोरी की नीयत से उसमें तोड़फोड़ की एटीएम के मेंटेनेंस का काम करने वाले चंद्रशेखर क्षीरसागर क सुबह इसकी जानकारी हुई इसके बाद उसने पुलगांव थाना में जाकर शिकायत की पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ चोरी की नीयत से प्रवेश करने की धारा के तहत प्राथमिकी की है।

### ग्रीष्म ऋतु में दुर्ग-छपरा के मध्य समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**भिलाई,13 अप्रैल।** रेलवे द्वारा ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों की सुविधा दुर्ग-छपरा के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग-छपरा-दुर्ग के मध्य 03 फेरे के लिये चलाई जायेगी एवं यह गाड़ी दुर्ग से 08795 नंम्बर के साथ तथा छपरा से 08796 नम्बर के साथ चलेगी । 08795 दुर्ग-छपरा समर स्पेशल दुर्ग से दिनांक 15, 22 एवं 29 अप्रैल, 2024 (सोमवार) तथा 08796 छपरा-दुर्ग समर स्पेशल छपरा से दिनांक 16, 23 एवं 30 अप्रैल 2024 (मंगलवार) को छुटेगी । इस स्पेशल ट्रेन में 2 एस.एल.आर/एसएलआरडी, 02 सामान्य, 14 स्लीपर, 03 एसी-द्धद्धद्ध, 01 एसी -द्धद्ध सहित कुल 22 कोच रहेगी ।

### छत्तीसगढ़ की नमी राय ने स्ट्रॉग वूमन ऑफ़ इंडिया का ख़िताब जीतकर रचा इतिहास

**भिलाई, 13 अप्रैल।** हैदराबाद में दिनांक 8 से 12 अप्रैल तक चल रही सीनियर राष्ट्रीय क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन समापन समारोह में छत्तीसगढ़ की महिला खिलाड़ी नमी राय पारेख जो कि 57 किलो वर्ग में कुल 392.5 किलो (स्क्वाट में 145 किग्रा, बेंच प्रेस में 72.5 किग्रा तथा डेडलिफ्ट में 175 किग्रा) लिफ्ट कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया और सर्वाधिक 92.289 अंक प्राप्त कर स्ट्रॉग वूमन ऑफ़ इंडिया का खिताब जीतने में सफलता पाई तथा छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है । छत्तीसगढ़ टीम के प्रशिक्षक एवं निर्णायक अशोक पिल्ले, अंतर्राष्ट्रीय कोच कृष्णा साहू, छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के समस्त अधिकारियों एवं पॉवर लिफ़्टरों ने बधाई दी है।



# निर्वाचन कार्य संपन्न कराने गंभीरतापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करना जरूरी: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा13 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 अंतर्गत कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के लिए मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा में मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यो का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के समय मास्टर ट्रेनर द्वारा वीवीपैट, ईव्हीएम, कंट्रोल यूनिट के बारे में बारिकी से बताया जा रहा है जिसे गंभीरता पूर्वक ग्रहण करें। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी चीज में शंकाएं आती है तो उसे जरूर पूछे। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान दल को वीवीपैट, ईव्हीएम, कंट्रोल यूनिट का प्रयोग करके दिखाया गया।



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि मतदान दलों को मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना न पड़े इसके लिए उन्हें हर पहलुओं से अवगत कराते हुए बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों को सवालों का सही सही समाधान करते हुए निर्वाचन की गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन करने के लिए पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। उन्होंने निर्वाचन कार्य को अति आवश्यक एवं विशेष प्राथमिकता वाला कार्य बताते हुए त्रुटी रहित ढंग से अपने कार्य को संपादन करने कहा। मॉकपोल करने के पश्चात ईव्हीएम संचालन की पूरी जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दिया गया।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के लिए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 12 से 13 अप्रैल 2024 तक दो पालियों में सुबह 10 बजे से 01 बजे एवं दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक दिया जा रहा है। इन प्रशिक्षणों में 04 हजार 15 कर्मचारियों को 24 मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा। प्रशिक्षण स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा में मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है। अवलोकन के दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी, सहायक संचालक एमके गुप्ता उपस्थित थे।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण के बाद उनके दायित्वों और कर्तव्यों को लेकर हुई लिखित परीक्षा

मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उनके दायित्वों और कर्तव्यों से जुड़े लिखित परीक्षा भी ली गई। लिखित परीक्षा में निर्वाचन से जुड़े 25-25 महत्वपूर्ण सवाल पूछे गए थे। निर्वाचन प्रशिक्षण कार्य के नोडल अधिकारी श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी। दरअसल यह लिखित परीक्षा मतदान दलों के दक्षता को परखने के लिए आयोजित की गई। मतदान दलों ने सभी 25 सवाल हल भी किए।

# माइक्रो ऑब्जर्वर अपने दायित्वों और कर्तव्यों की गंभीरता को समझें: शशिरंजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 13 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव क्षेत्र 06 लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वर की बैठक ली। सामान्य प्रेक्षक श्री रंजन ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर की स्वत्रंत, निष्पक्ष निर्वाचन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माइक्रो ऑब्जर्वर अपने दायित्वों और कर्तव्यों को गंभीरता को समझे । सामान्य प्रेक्षक श्री रंजन ने माइक्रो आब्जर्वर्स की भूमिका और दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस दौरान उनकी शंकाओं का भी समाधान किया। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करने के लिए नियुक्त किया जाता है। इसलिए माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने कहा कि मतदान के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदान की सभी गतिविधियों पर नजर रखनी है। इस बात का ध्यान रखना है कि सभी निर्देशों का पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी को अपने दायित्वों की जानकारी हो। उन्होंने कहा कि ये सुनिश्चित करना माइक्रो आब्जर्वर की जिम्मेदारी है कि मतदान केन्द्रों में सुगमता से मतदानपूर्ण हो जाए। उन्होंने ईवीएम एवं वोटिंग कम्पार्टमेंट की सुरक्षा और गोपनीयता की ओर विशेष ध्यान देने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती लेखा अजगल्ले,




सुश्री हर्षलता वर्मा सहित समस्त माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन ने कहा कि मतदान केन्द्र में सभी गतिविधियों पर नजर रखना जरूरी है। इस दौरान बैलेट यूनिट से मॉकपोल डेटा मतदान का डेटा हटाया गया और इवीएम की गणना शून्य पर सेट की गई, मॉकपोल मतदान के समय मतदान अभिकर्ता मौजूदगी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टोटल बटन के माध्यम से मतदान की संख्या का रजिस्टर से क्रास मिलान करते रहे। मतदान देने आए मतदाताओं की पहचान पत्र रजिस्टर में एन्ट्री हस्ताक्षर, इंक लगाने की कार्यवाही, मतदान का चिन्ह, नियमों का पालन हो रहा है इस पर नजर रखें। किसी भी स्थिति में कोई दिक्कत या समस्या आती है तो सूचित जरूर करे।

## प्लांट गैरेज विभाग द्वारा फ्रंट एण्ड लोडर का किया गया पुनर्निर्माण

**भिलाई, 13 अप्रैल ।** प्लान्ट गैरेज विभाग द्वारा, आंतरिक संसाधनों से फ्रंट एण्ड लोडर का पुनर्निर्माण किया गया और इसे पुनः कार्य में उपयोग लेने योग्य बनाया गया। प्लान्ट गैरेज विभाग द्वारा लगभग 390 व्हीकल एवं अर्थमूविंग इक्यूपमेंट के प्रचालन का कार्य किया जाता है। संयंत्र में हॉट मेटल के निर्बाध उत्पादन प्रक्रिया को बनाये रखने, सड़क मार्ग से ले जाये जाने वाले रॉ मटेरियल की आपूर्ति, स्पेयर्स पार्टस, विभिन्न विभागों के लिये आवश्यक सामानों की आपूर्ति, विभागों द्वारा तैयार की गयी सामाग्री का परिवहन, हाउसकिपिंग आदि में इन 390 व्हीकल एवं अर्थमूविंग इक्यूपमेंट का उपयोग किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिये ने इस कार्य हेतु प्लांट गैरेज टीम की सराहना की। इस कार्य को प्लान्ट गैरेज के अर्थ मूविंग इक्विपमेन्ट रिपेयरिंग सेक्शन में पी के कांबले के नेतृत्व में मेंटेनेंस टीम द्वारा, महाप्रबंधक व प्रभारी बी डी बाबू एवं महाप्रबंधक प्रदिप्ता भौमिक के मार्गदर्शन में आंतरिक संसाधनों एवं न्यूनतम लागत से किया गया। जिसमें संयंत्र के लाखों रुपये की बचत हुयी है। इस फ्रंट एंड लोडर को महाप्रबंधक ज्ञानान्द को परिचालन के लिये सौंप दिया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक एन के साहू, प्रबंधक आशीष गुप्ता, प्रबंधक सुदर्शन एवं कनिष्ठ अधिकारी संजय सिंग सहित प्लांट गैरेज के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## देश में 99 प्रतिशत् विलुप्त हो चुके जटायु को बचाने का काम शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 13 अप्रैल।** प्रदेश में पहली बार जटायु (गिद्ध) का गणना किया जा रहा है। ये देश में 99 प्रतिशत विलुप्त हो चुके हैं जिसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। अचानकमार टायगर रिजर्व के 500 किमी के दायरे में आने वाले छत्तीसगढ़ के 10 व मध्यप्रदेश के तीन जिलों में गणना किया जाएगा। अब तक प्रदेश के बिलासपुर, मुंगेली व कटघोरा वन मंडल में गणना का काम पूरा हो गया है, इसके बाद कबीरधाम में गणना का काम शुरू हो गया है। अचानकमार टायगर रिजर्व के वल्चर कंजरवेशन एसोसिएट श्री अभिजीत शर्मा व उनकी टीम सर्वे कर रही है। उन्होंने बताया कि कबीरधाम में कवर्धा वनमंडल अंतर्गत पूर्व में व्हाइट रम्प्ड वल्चर (बंगाल का गिद्ध) पाये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है जिसका सर्वे टीम के द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में सर्वे के दौरान इजिप्शियन वल्चर (सफेद गिद्ध) पाये जाने की पुष्टि की गयी है। श्री अभिजीत शर्मा ने बताया कि तेजी से विलुप्त हो रहे गिद्धों की प्रजाति के संरक्षण के लिए वन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अचानकमार टायगर रिजर्व में चल रहे गिद्ध संरक्षण परियोजना अंतर्गत प्रदेश में शेष बचे गिद्धों की गणना और उनके आवास की खोज की जा रही है। गिद्धों के लिए शुद्ध



और खतरनाक दवाओं से मुक्त वातावरण वाले क्षेत्र की स्थापना इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही प्रदेश में वो इलाके जहां गिद्ध अपने प्राकृतिक आवास में पाए जा रहे हैं, वहां उनके फूड मैनेजमेंट को बेहतर करने की पहल की जा रही है। अभिजीत शर्मा ने बताया कि 1990 के पूर्व गिद्ध आसानी से लोगों को नजर आ जाते थे 1990 से 2008 इसके बाद अब दिखाई नहीं देते। इसके पीछे का प्रमुख कारण मवेशियों पर जहरीली दवाओं का इस्तेमाल करना है। सस्ती होने के कारण यह दवाई बाजार में आसानी से लोगों को उपलब्ध होने लगी इसका गंभीर असर गिद्धों पर पड़ा। मृत मवेशियों के शरीर में डाइक्लोफिनेक मांस के जरिए गिद्धों की पेट तक पहुंच गया और उनकी किडनी को फेल करने लगा व गिद्धों की मौत शुरू हुई। हालांकि जानकारी सामने आने के बाद भारत सरकार ने डाइक्लोफिनेक, एसिक्लोफेनेक और केटोप्रोफेन दवा को गिद्धों के लिए खतरनाक पाए जाने पर बैन किया गया।

# सकारात्मक बदलाव के लिए तकनीकी प्रगति को अपनाना महत्वपूर्ण: तिवारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अप्रैल ।** भिलाई इस्पात संयंत्र से फरवरी 2022 में सेवानिवृत्त हुए आनंद कुमार तिवारी का मानना है कि तकनीकी प्रगति को अपनाने के साथ साथ छोटे-छोटे कदमों में प्रणालीगत सुधारों पर ध्यान केंद्रित करके निरंतर सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देने से सकारात्मक बदलाव लाना आसान है। उनका यह भी मानना है कि उक्त सुधारों के साथ अधिकारियों के बीच क्रॉस-सेक्शनल लर्निंग को प्रोत्साहित करने से भी भिलाई इस्पात संयंत्र की समग्र सफलता के लिए सकारात्मक बदलाव लाने में काफी मदद मिलेगी। तिवारी ने रॉ मटेरियल विभाग, डिस्पैच को-ऑर्डिनेशन जैसे विभिन्न विभागों में काम किया और फिर यातायात और डीजल संगठन के प्रमुख मुख्य महाप्रबंधक (यातायात) के रूप में सेवानिवृत्त हुए। तिवारी कहते हैं कि संसाधन प्रबंधन, योजना, संबंधित विभागों और बाहरी हितधारकों के साथ इंटरफेस मुद्दों के संबंध में प्रत्येक विभाग की अपनी चुनौतियां हैं। ट्रैफिक विभाग और संयंत्र के लाभ के लिए विभागाध्यक्ष के रूप में उन्होंने जो पहल की, उसके बारे में तिवारी कहते हैं, कि उन्होंने अपनी टीम के साथ कई परियोजनाएं शुरू करने



के लिए काम किया, जिससे सुरक्षा, दक्षता और उत्पादकता में सुधार हुआ। हमने संचार और शिक्षा के रचनात्मक तरीकों के माध्यम से सुरक्षित कार्य पद्धतियों को बढ़ावा दिया। हमने हाउसकीपिंग, ट्रैक रखरखाव में सुधार लाया, बेहतर विश्लेषण के लिए जीपीएस-आधारित ट्रैकिंग सिस्टम की शुरुआत की और पुराने आंतरिक वैगनों को नए वैगनों से बदला। हमने निर्धारित समय पर उचित रखरखाव के साथ वैगनों की विश्वसनीयता भी बढ़ाई। हमारे इन प्रयासों ने न केवल विभाग के प्रदर्शन को अनुकूलित किया, बल्कि प्रोडक्शन शॉप्स में होने वाले विलम्ब को कम करके, डिटेंशन समय को कम करके, विलंब शुल्क को कम करके और लॉजिस्टिक प्रबंधन में सुधार करके पूरे संयंत्र की मदद की। तिवारी ने कहा कि मेरे अनुभवों ने मुझे सिखाया है कि प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने से न केवल दक्षता बढ़ती है, बल्कि बेहतर निर्णय लेने और पारदर्शिता में भी सुधार होता है। भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्तमान में उनके समानांतर पदों में कार्यरत लोगों के लिए तिवारी बताते हैं कि कैसे उन्होंने बीएसपी के आंतरिक स्वामित्व के साथ-साथ बाहरी और आने वाले रॉ मटेरियल के प्रत्येक वैगन के लाइफ सायकल के कम्प्यूटरीकरण का कठिन कार्य इन्कॉस के सहयोग से किया। विफलताओं को रोकने के लिए शॉप्स के स्वामित्व वाले वैगनों की त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण भी शुरू किया गया था। इन्कॉस द्वारा स्थापित सर्वर पर अपनी वेबसाइट लॉन्च करने वाले पहले विभागों में ट्रैफिक विभाग शामिल था। प्रत्येक अनुभाग से वेबसाइट पर डेटा प्रकाशित किया गया, जिसे आवश्यकता के अनुसार खोजा जा सकता था। तिवारी ने रेलवे के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने का उदाहरण देते हुए कहा कि सुचारू परिचालन के लिए बाहरी हितधारकों के साथ सकारात्मक संबंध बनाए रखना आवश्यक है। ये हमारे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण काम था। तिवारी कहते हैं कि मैं संतुष्ट हूं कि मैंने सेल-बीएसपी में अपने लंबे करियर के दौरान संगठन को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।

### संयंत्र के कोक ओवन विभाग ने वैगन अनलोडिंग में रचा कीर्तिमान

**भिलाई, 13 अप्रैल ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने 10 अप्रैल को द्वितीय पाली में 220 वैगनों की अनलोडिंग कर किसी भी पाली में अब तक का सर्वश्रेष्ठ अनलोडिंग रिकॉर्ड दर्ज किया। इसके साथ ही कोक ओवन ने 29 मई 2023 को दर्ज 196 वैगनों की अनलोडिंग के रिकॉर्ड को पार किया। सहायक महाप्रबंधक दयालु राम के कुशल मार्गदर्शन तथा पाली प्रभारी व सहायक महाप्रबंधक बिपिन कुमार दुबे के नेतृत्व में प्रचालन एवं यांत्रिक व विद्युत मेंटेनेंस के कर्मचारियों के सहयोग से यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई। खराब मौसम एवं तकनीकी विषमताओं के बावजूद रिकॉर्ड अनलोडिंग करने पर विभाग प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



## समाचार संक्षेप

### महिला कांग्रेस लगातार जनसंपर्क में जुटीं है: सीमा अनंत



**कवर्धा 13 अप्रैल।** महिला कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत के नेतृत्व में लगातार गाँव गाँव पहुँचकर सांसद प्रत्याशी माननीय भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री के पक्ष में समर्थन जुटा रही है श्रीमती अनंत अपनी महिला टीम के साथ कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र को महिलाओं तक पहुँचाने की प्रयास कर रहे है निश्चित तौर पर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है तो गाँव ग़रीब किसान युवा व् महिलाओं के दशा और दिशा में आमूल चूल परिवर्तन दिखेगा लोगो के बीच आर्थिक क्रांति का आगाज होगा लोगो को उनके हक़ और अधिकार मिलेगा जो उनको मिलना चाहिए आज देश महंगाई और बेरोज़गारी से जूझ रही है और मोदी सरकार मस्त है आम लोगो को अपने दिनचर्या के जीवन चलाना दूभर हो रहा है।

### ऑनलाइन संपत्ति कर का भुगतान कर छूट का लाभ उठाएं

**भिलाई, 13 अप्रैल।** निगम भिलाई ने अपने क्षेत्र के करदाताओं को सुविधा प्रदान करते हुए ऑनलाइन भुगतान हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी में वेबसाईट लॉंच किया गया है, जिसका अच्छा प्रतिसाद रहा और लोगों ने घर बैठे संपत्तिकर सहित अन्य करों का भुगतान कर आनलाईन रसीद प्राप्त भी कर रहे हैं। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर संपत्तिकर विभाग ने निगम क्षेत्र के भवन मालिकों की सुविधा के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी में वेबसाईट लॉंच किया है, जिसमें संपत्तिकर बटन पर क्लिक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आयेगा, ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेट बैंकिंग, यूपीआई पूछा जायेगा जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंट कर सुरक्षित रख सकते है। निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में भी संपत्तिकर जमा करने के लिए काउन्टर है। गौरतलब है कि अप्रैल एवं मई में संपत्तिकर राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है। भवन स्वामी अपना संपत्तिकर राशि जमा करवाकर छूट का लाभ उठा सकते हैं।

### प्रथम दिवस में एक नामांकन पत्र जमा



**भिलाई, 13 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव-2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत नामांकन जमा करने के प्रथम दिवस संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए एक नामांकन जमा हुआ। श्याम सुंदर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी से नामांकन जमा किया। जिनके नाम से नामांकन पत्र खरीदे गए उनमें हरिश्चंद्र निर्दलीय, सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जर्नलिस्ट पार्टी, अरुण कुमार जोशी निर्दलीय, श्याम सुंदर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, शंकर ठाकुर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, विजय बघेल भा.ज.पा., हरिश्चंद्र ठाकुर निर्दलीय, अनूप कुमार पांडे निर्दलीय, बलदेव सिंह साहू निर्दलीय, यशवंत कुमार साहू भारतीय शक्ति योजना पार्टी, अली हुसैन सिद्दीकी निर्दलीय, विकास शर्मा निर्दलीय, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्रीमती सविता बंजारे शक्ति सेना भारत देश, सुश्री पुष्पा मेरिया निर्दलीय और अंशिका जैन निर्दलीय शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ से मात्र एक फौजी हवलदार सर्वेयर ऑटोमेटेड पद पर भर्ती

**भिलाई, 13 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में सेना की भर्ती के लिए मात्र एक पद पर जैनुउद्दीन खान पिता जलालुद्दीन खान सब इंस्पेक्टर छत्तीसगढ़ पुलिस के पुत्र को सीधे भर्ती किया गया । उनके सभी प्रैक्टिस पार्टनर जो की आने वाले फौजी एवं पुलिस की भर्ती के लिए पुरुष एवं महिला ट्रेनिंग कर रहे हैं पार्टनर उनके देश सेवा के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया उनका सम्मान किया। साथ ही वरिष्ठ एन आइ एस एथलेटिक्स कोच एवं समाजसेवी ताजुद्दीन जिन्होंने इनका फिजिकल फिटनेस का पूरा वर्क आउट् पूरा कराए उनके उज्जवल भविष्य के लिए रब से दुआ मांगी ।



# शुरू से विवादों में रहा डोंगरगांव फोरलेन निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोगरगांव 13 अप्रैल।** अखबार सदैव प्रमुखता से इस खबर को उठाती रही है गुणवत्ताहीन निर्माण हो या दुर्घटना की बात हो ये रोड आम जनता के लिए सर दर्द बन गया है यह सड़क चौड़ीकरण स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जाता है वही फोर लेन बना रहे ठेकेदार की कार्य के प्रति लापरवाही और गुणवत्ताहीन काम से आम जनता त्रस्त हैं कई बार इस संबंध में अधिकारी को शिकायत जा चुकी है किंतु अभी तक ठेकेदार ऊपर शिकंजा नहीं कश पाई है भ्रष्टाचार में डुबे ठेकेदार एवं लापरवाह इंजीनियर की करतूत लगातार सामने आ रही है नियमों को ताक में रखकर रोड चौड़ीकरण का



निर्माण हो रहा है नवरात्र पर्व के पहले दिन से ही झमाझम बारिश हो रही है दूसरे दिन भी रात्रि 10ः00 बजे से सुबह 12ः00 बजे तक बारिश हुई है इस बारिश में पानी ने सड़क चौड़ीकरण योजना से बंन रहे सड़क के दोनों और करिया टोला मार्ग में जय सेवा पेट्रोल पंप से लेकर आरके ठाकुर शिक्षक के घर तक दोनों और सड़क में लबालब घुटने तक पानी भरा हुआ है जिससे आने जाने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सड़क चौड़ीकरण योजना को लेकर सड़क ठेकेदार द्वारा सड़क के दोनों और पानी निकासी के लिए नाली तथा को भी व्यवस्था नहीं कर पाई है जिससे दोनों ओर पानी का भराव हो गया है 11 अप्रैल को दोपहर को जेसीबी के माध्यम से ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे बेस को तुड़वाकर पानी को बाहर निकल गया लेकिन पूरी तरह से पानी निकासी नहीं हो पा रहा है जिससे रोड किनारे बसे नगर वासियों को आने-जाने में असुविधा और परेशानी हो रही है मोहल्ले वालों का कहना है कि सड़क ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन और जमकर मनमानी करने का आरोप लगाया है सड़क ठेकेदार द्वारा चौड़ी करण के कार्य को धीमी गति से कर रहे है।

**जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के युवा नेता आये सामने:** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के युवा जिला अध्यक्ष टिंकू देवांगन ने ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए कहा की सड़क चौड़ीकरण शुरू से ही गुणवत्ता विहीन कार्य हो रहा है जिसमें शहर वासी एवं आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बहुत जल्द ही शहर वासी एवं आम जनता के सहयोग से उग्र आंदोलन कर चक्का जाम करेंगे

**10 अप्रैल से डामरीकरण शुरू होना था:** सड़क चौड़ीकरण का डामरीकरण 10 अप्रैल से शुरू होना तय हुआ था लेकिन सड़क ठेकेदार द्वारा आए दिन कोई ना कोई परेशानी सामना खड़े कर टाल मटोल किया जा रहा है जबकि गांधी पेट्रोल पंप से एक साइट डामरीकरण शुरू करने का पहले से ही आदेश हो गया है परंतु ठेकेदार द्वारा आए दिन कोई ना कोई बहाना लेकर कार्य को पेंडिग में रख दिया है।

**सड़क चौड़ीकरण को लेकर पीडब्लूडी के एसडीओ हर्षद साहू का कहना है कि:** नवरात्रि पर्व में 10 अप्रैल को डामरीकरण शुरू करना तय हुआ था लेकिन लगातार बारिश के चलते तथा गिट्टी और कुछ सामग्री पूरी तरह से उपलब्ध नहीं होने के कारण लेट हो रहा है एक साइड का डामरीकरण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

## एक नजर

### तलवार लहराकर लोगों को डराने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



**डोंगरगढ़ 13 अप्रैल।** चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने से डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार संदिग्ध, चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी है। इसी कड़ी में आज दिनांक- 12.04.2024 को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि उमेश पाण्डे नाम का व्यक्ति दंतेश्वरी पारा वार्ड न0- 02 हनी गुप्ता के घर के पीछे डोंगरगढ़ के पास अवैध रूप से लोहे का तलवार रखकर लोगों को दिखाकर, तलवार लहराकर डरा धमका रहा है जिससे वार्ड में अंशांति का माहौल उत्पन्न हो रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी उमेश पाण्डे पिता स्व0 माधव प्रसाद पांडे उम्र- 23 साल सकिन दंतेश्वरी पारा वार्ड न0- 02 डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को तलवार लहराकर लोगों को डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर आरोपी से एक नग लोहे का तलवार जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### गांधी परिवार का षडयंत्र और देश का भविष्य देखकर मतदान करें: संतोष पांडे

**राजनांदगांव 13 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे ने आज अपने जनसम्पर्क दौरे में कहा कि कांग्रेस को वोट देना मतलब लोकतंत्र को कमजोर करना होगा, क्योंकि कांग्रेस की सोनिया और राहुल गांधी का परिवार देश को तोड़ने व बाटने में लगे हुए हैं, गांधी परिवार ने लोकतंत्र की पहली हत्या तब की जब सरदार वल्लभभाई पटेल और नेहरू के सार्वजनिक चयन में नेहरू को एकमात्र वोट मिला था, परंतु देश का दुर्भाग्य की नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। और जो लोग कांग्रेस में रहकर देश के लिए कुछ करना चाहते हैं उन्हें सुनियोजित षड्यंत्र के तहत रास्ते से हटा दिया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की मृत्यु के बाद कांग्रेस मुख्यालय का गेट नहीं खोला गया था। अहमद पटेल,सोनिया गांधी ने यह कहते हुए गेट नहीं खोला कि चाबी गुम हो गई है। इतना ही नहीं, भारत रत्न नरसिम्हा राव के शव का अंतिम संस्कार दिल्ली में करने की इजाजत तक न मिली। हार कर हैदराबाद ले जाकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इतना तुच्छ व्यवहार करने वाला यह परिवार किस मुंह से संस्कारों की बात करता है। सीताराम केसरी के साथ क्या हुआ था। तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को विदेश में साजिश के तहत मारा गया था और उनके शव का बगैर पोस्टमॉर्टम किए अंतिम संस्कार कर दिया गया। आखिर, पोस्टमॉर्टम से किसे डर लग रहा था। देश को सच्चाई जानने से क्यों रोका गया। लालबहादुर शास्त्री जिंदा होते तो भारत की तस्वीर अलग होती। भ्रष्टाचारियों और दलालों पर लगाम लग जाती। सबसे बड़ी नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री न बनती।इस सबने साजिश के तहत शास्त्री जी को मौत की जांच नहीं होने दिया।

### राज्य में डबल इंजन की सरकार फेल: कांग्रेस

**रायपुर 13 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार फेल हो गयी है। तीन महीनों में ही भाजपा की विष्णु देव सरकार अलोकप्रिय हो गयी। सरकार जनता के हित में एक भी निर्णय नहीं ले पाई। सरकार में बैठे हुये लोग सरकारी धौंस दिखा कर भयादोहन में लगे है। जनता परेशान है। कानून व्यवस्था बदहाल हो गयी। जनकल्याणकारी योजनायें दम तोड़ चुकी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रिमोट कंट्रोल सरकार है विष्णुदेव सरकार। छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र शासित सरकार बन गयी है। सरकार के सारे फैसले पीएमओ से लिये जा रहे है। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है। महतारी वंदन में माताओं, बहनों से धोखा, दूसरी किस्त अब तक नहीं मिला। 18 लाख आवास देने की बात कहा लेकिन एक भी आवासहीन के खाते में पैसा नहीं आया। सरकार 18 लाख नाम सार्वजनिक करें, जिनके मकान स्वीकृत किये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने तीन माह में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे सरकार बयान देने तक सीमित है। आदिवासियों के प्रति अत्याचार और अपराध में बढ़ोतरी हो गयी। रेत के दाम तीन गुना बढ़ गये भाजपाई सत्ताधीशों और रेत माफियाओं के बीच सांठगांठ हो गयी है। पटवारी परीक्षा में गड़बड़ी किया, बेरोजगारों के साथ अन्याय।

### राशन पर भाजपा की लूट, अब मिलेगा सिर्फ 5 किलो चावल: भूपेश बघेल

**रायपुर 13 अप्रैल ।** राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लिया। इस दौरान भूपेश बघेल ने कांग्रेस के शासनकाल का राशनकार्ड और वर्तमान भाजपा सरकार का राशनकार्ड दिखाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जनता के राशन पर डाका डाला है। भूपेश ने कहा कि हमारे राशन कार्ड पर स्पष्ट रूप से दर्ज है कि परिवार में तीन या तीन से अधिक सदस्य होने पर 35 किलो चावल प्रतिमाह मिलेगा, साथ ही 5 से अधिक सदस्य होने पर प्रति सदस्य 7 किलो चावल प्रतिमाह मिलेगा। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने आते ही जनता से राशन छीनने का सिलसिला शुरू कर दिया है। वर्तमान सरकार ने राशन कार्ड पर स्पष्ट रूप से लिख दिया है कि अब महज़ पांच किलो चावल प्रति सदस्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता के राशन की कटौती करने वाली राज्य की भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि छत्तीसगढ़ की जनता के मुंह से निवाला छीनकर यह चावल किसे दिया जाएगा?

# सड़क दुर्घटना में घायल गर्भवती कोमा में, संकल्प सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने बचाई बच्चे की जान

**रायपुर 13 अप्रैल।** सूरजपुर की एक पेशेंट जिनका 5 महीने का गर्भ था और उनकी सड़क दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट लग गयी। सूरजपुर में 6 दिन तक इलाज कराने के बाद जब वो कोमा में चली गयी । किसी ने घर के सदस्यों को उन्हें रायपुर में श्री संकल्प हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी जहां पर तीनो विभाग ( स्त्री रोग विभाग , न्यूरोसर्जरी विभाग और शिशु रोग विभाग ) एक ही जगह है। उल्लेखनीय है कि तीनों विभाग में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तीनो विभागों के आधुनिक तकनीक वाले ढ्रष्ट की भी सुविधा है। अभी महिला पेशेंट के स्थिति सामान्य करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है और साथ ही क्रिटिकल केयर टीम द्वारा गर्भ में पल रहे बच्चे का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है

सरोना रायपुर स्थित श्री संकल्प सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आधुनिक तकनीकों के नई मशीनों के साथ साथ नए विभागों के विस्तार की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। इसी कड़ी में अस्पताल में स्त्री रोग विभाग की सेवाएं प्रारम्भ की गई। इस विभाग में समस्त स्त्री रोगों के उपचार के लिए गायनेकोलॉजिस्ट की एक बड़ी टीम अपनी सेवाएं देना शुरू कर दी है। श्री संकल्प सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



में स्त्री रोगों से सम्बंधित सभी प्रकार के त्वरित इलाज के लिए छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ एवम लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ नलिनी मढरिया ओपीडी में उपलब्ध रहेंगी। डॉ नलिनी मढरिया ने बताया कि अस्पताल में दूरबीन पद्धत्ति द्वारा जांच और इलाज, विशेष तकनीक द्वारा बंद नली खोलने का ऑपरेशन, बिना चीरा द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, बार बार गर्भपात का सम्पूर्ण जांच , निःसन्तानता , गर्भावस्था के समय होने वाली समस्याएं, डिलीवरी के बाद की समस्याओं का निदान किया जाएगा। डॉ वर्षा झंवर एमडी मेडिसिन और क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट ने बताया कि संकल्प हॉस्पिटल में किसी भी तरह की अति जोखिम प्रेगनेन्सी वाले महिला पेशेंट के लिए अलग से आई सी यु तैयार किया गया है जिसके माध्यम से गर्भावस्था के दौरान होने वाले कॉम्प्लिकेशन, जिसमे जच्चा बच्चा दोनों की जान को खतरा होता है, से दोनों को बचाया जा सकता है। नए विभागों में शिशु रोग विभाग की ओपीडी भी प्रारम्भ की गई है जिसमे शिशुओं से समस्त रोगों के साथ साथ नवजात शिशुओं के जटिल रोगों के भी इलाज की सुविधा उपलब्ध है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पल्लवी जिंदल ने बताया कि कि संकल्प हॉस्पिटल ने विशेष तौर पर नियो नेटल आईसीयु भी तैयार किया है जिसकी सहायता से नवजात शिशुओं को किसी भी आपातकालीन स्थिति में होने वाले बीमारी से बचाया जा सके। नवजात शिशुओं की से समस्त बीमारियों जैसे पीलिया, मिर्गी, पतले दस्त आदि का सफल इलाज किया जा रहा है। साथ मे नवजात बच्चों के लिए वेक्सिनेशन की भी सुविधा है।

# छुरिया में कृष्ण कुंज निर्माण से हो रही प्राकृतिक छटा में विस्तार: हारुन मानिकपुरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 13 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि भगवान कृष्ण अर्थात नटखट नंद बाल गोपाल का बाल्यकाल प्राकृतिक की गोद में व्यतीत हुआ है। बांसुरी की धून पर गौ माता के चराई का समय हो या बाल सखा के साथ अमोद प्रमोद या दही खाने की प्रबल लालसा में नटखट नंद किशोर की सभी माताओं द्वारा की जाने वाली शिकायत पर डांट खाने की चंचल चपल लीलाएं सभी बृज वासियों का मन मोह लेती थी। फिर यमुना तीर के कानन में कदम के पेड़ में गोपियां संग हंसी ठिठोली ही क्यों न हो उनकी बांसुरी की धून पर सभी प्राणियों को मंत्रमुग्ध कर सम्मोहित कर देती थी। यहां तक प्राकृतिक भी उनके बांसुरी की धून पर वायु के तरंगित ताल में पेड़-पौधे , और पत्ते झूम उठती थी। मानों उनके लय पर नृत्य कर रही हो, परंतु बदलते काल चक्र के साथ वर्तमान में लगातार भरे पेड़ पौधों और नैसर्गिक प्रकृति का नुक़सान हुआ है। हरे भरे पेड़ पौधों की अनवरत कटाई से अब सारा प्राकृतिक वातावरण सपाट,चटीयल मैदानी क्षेत्र में परिवर्तित हो चुका है। इसकी सबसे बड़ी जिम्मेवारी मानव समाज की बनती है, जिनके द्वारा लगातार वनों के विदोहन से पृथ्वी आज संकट के कगार पर खड़ा हो चुका है।यही वजह है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश का वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ऐसे क्षेत्रों में हरियाली प्रसार करने के उद्देश्य से नए-नए आविष्कार कर प्रकृति एवं हरियाली के अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाए रखने नित नए प्रयोग के साथ कवायद कर रहा है। ताकि सर्वहारा वर्ग के जान माल और प्रदूषण से लड़ा जा सके इसके लिए प्रदेश सरकार ने भगवान श्री कृष्ण के नाम पर आस्था प्रकट करते हुए संपूर्ण प्रदेश में कृष्ण कुंज का निर्माण किया गया है। ताकि सम्पूर्ण मानव समाज, और जीव जंतुओं को कुछ पल राहत और सुकून का क्षण मिल सके पेड़ पौधों के मध्य हरे भरे वातावरण निर्मित करने के लिए वन विभाग ने एक हेक्टेयर से लेकर अधिकतम पांच हेक्टेयर राजस्व भूभाग में कृष्ण कुंज को सुव्यवस्थित कर फलदार,फुलदार, छायादार औषधि युक्त , धार्मिक आस्था से जुड़े रहने वाले पेड़ पौधों का रोपण नगर पंचायत छुरिया में हरित क्रांति ला दी है।

# शहरी उद्यानों का रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम ने लिया जायजा

**रायपुर 13 मार्च ।** रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने देवेंद्र नगर गार्डन,डीडी नगर गार्डन, संकल्प वाटिका एवं उत्तम वाटिका का निरीक्षण कर कार्यों का लिया जायजा नगर निगम कमिश्नर और स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अविनाश मिश्रा के निर्देश पर आज रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम के द्वारा शहर के विभिन्न उद्यानों का निरीक्षण भ्रमण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया और बचे हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिए ताकि यहां रहवासियों के लिए सुबह मॉर्निंग वॉक और व्यायाम के लिए सुंदर एवं सुसज्जित गार्डन का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। साथ ही आज स्मार्ट सिटी और नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा अमृत मिशन के तहत बन रहे बैरन बाजार टैंक का भी जायजा लिया और यहां पर लोगों के घर तक पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंच रहा है इसका भी नगर निगम स्मार्ट सिटी की टीम ने देखा और प्रगतिरत कामों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक (ई. एंड टी.)श्री पी.के. पंचायती, डिप्टी मैनेजर श्री संजय अग्रवाल, डिप्टी मैनेजर श्री अमित मिश्रा,कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा,असिस्टेंट मैनेजर श्री योगेंद्र साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# छुरिया व फाफामार में भाजपा महिला मोर्चा महतारी वंदन सम्मेलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 13 अप्रैल।** छुरिया ब्लॉक के ग्राम फाफामार व नगर पंचायत छुरिया में में महतारी वंदन योजना का सम्मेलन आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू शामिल हुई।व संबोधित करते हुए कहा कि हमको नरेन्द्र मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है,इसके लिए आप सब का भरपूर आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे जी को मिलना चाहिए आप सब लोगों के आशीर्वाद से भाजपा छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद सारे वादें पूरे किए जा रहे है। कार्यक्रम को जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव संबोधित करते हुए कहा कि विष्णु देव साय जी की सरकार ने महतरी वंदन योजना की दूसरी किश्त जारी



कर दी गई , सरकार अपने वादे सत्ता आने के साथ 100 दिन के अन्दर पूरा किया , विष्णु देव साय की सरकार में सभी काम साय साय हो रहा है प्रधानमंत्री आवास का काम चालू हो गया है गरीबों के आवास को छीनने वालों को भूपेश बघेल को इस बार जनता सबक सिखायेगी। इस इस अवसर में सीमा सिन्हा नगर पंचायत छुरिया अध्यक्ष, मालती उईके महिला मोर्चा अध्यक्ष, संगीता यादव, द्रौपदी मांडवी, भारती रजक ,त्रिवेणी कुंभकार, लक्ष्मी यादवसहित भाजपा कार्यकर्ता महिला उपस्थित हुए।

### घर में गर्दन तक शरीर को जमीन के अंदर गड़ाया

# मारगांव के एक युवक ने नवरात्रि में ली भू-समाधि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 13 अप्रैल।** ब्लॉक मुख्यालय से मात्र पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम मारगांव में एक नवयुवक द्वारा जिंदा समाधि लेने की खबर मिली है। इस को लेकर शासन-प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। कुछ लोगों ने इसे देवी देवता से जोड़ते हुए समाधि स्थल पर नारियल, रूपये पैसा चढ़ाना भी शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मारगांव के हरिचन्द्र आ.घनश्याम (22 वर्ष) जाति सतनामी द्वारा ग्राम के कुछ लोगों तथा परिवारजनों की उपस्थिति में आज जमीन में समाधि ले ली। युवक द्वारा अपने घर के अंदर समाधि लेने की खबर गांव सहित आसपास के क्षेत्र में होने पर बड़ी संख्या में लोग उसको देखने के लिए आने लगे और देखते ही देखते युवक के घर में भीड़ लग गई । मारगांव निवासी 22 वर्षीय हरिश्वंद्र बंजारे ने नवरात्रि के पहले दिन से यह समाधि ली है। जो 17 अप्रैल तक जारी रहेगी। इसकी सूचना गांव के सरपंच ने डोंगरगांव एसडीएम और तहसीलदार को जानकारी दी है।

जिसके बाद डोंगरगांव एसडीएम और तहसीलदार स्वास्थ्य विभाग के अमले को मौके पर पहुंचाकर दवा और अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। हरिश्चंद्र बंजारे ने अपनी आस्था के चलते ऐसा करने की जानकारी दी है। इस आस्था को लेकर ग्रामीणों ने उनकी भक्ति को सराहा है। उसके द्वारा अपना पूरा शरीर जमीन के अंदर छुपा लिया गया है,जबकि सिर्फ सिर ऊपर दिख रहा है। इससे पूर्व उसके द्वारा एक डायरी में यह लिखा है कि वह स्वेच्छा से नौ दिनों के लिए समाधि ले रहा है। यदि उसे कुछ होता है, तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा डायरी के पन्ने में उसके पिता के साथ परिवारवालों तथा दोस्त का भी नाम लिखा हुआ है। कुछ ग्रामीणों ने बातचीत में यह बताया है कि नवरात्रि में यह सीधे-सीधे पूजा-पाठ का मामला है।समाधिस्थल पर बकायदा नवग्रह, बाणा सहित अन्य सामग्रियों को देखने से यह साधना आदि का मामला लगता है। इस बात की खबर लगने पर शासन-प्रशासन भी उक्त स्थल पर पहुंचा था और युवक को समझाने का भी प्रयास किया गया। नवरात्र पर्व में क्षेत्र में इस तरह का यह पहला मामला सामने आया है। इसको लेकर आज अंचल में तरह तरह की चर्चा होती रही।

## समाचार संक्षेप

### नगर में मना ईद उल फितर का त्योहार धूमधाम से



**छुरिया 13 अप्रैल।** नगर में ईद उल फितर का त्योहार मुस्लिम भाइयों ने धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया। मुस्लिम समुदाय रमजान उल मुबारक के रोजे मुकम्मल करने के बाद ईद उल फितर का त्यौहार मनाते हैं । यह त्योहार मीठी ईद के नाम से भी जानी जाती है । दिनभर से सेवाइयों का दौर चलता रहता है। मौसम के खराब होने के कारण मस्जिद में ही ईद की नमाज अदा किया ।सुबह से ही छोटे-बड़े बुजुर्ग नए कपड़े पहनकर इत्र लगाकर मस्जिद पहुंचे एक दूसरे का गला मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया। ईद के नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने अपने बुजुर्गों के लिए पाक परवरदिगार से माफीरत की दुआएं की और सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी और मुल्क में अमन चैन शांति ,सुकून की दुआएं की गई ।उल्लेखनीय की विधायक भोलाराम साहू ने पत्रकार जसीम कुरैशी के घर जाकर जसीम कुरैशी से गले मिलकर ईद उल फितर की बधाई और मुबारकबाद दिया। उनके घर में सेवई और फास्ट फ्रूट खाएं इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रकाश यादव, जिला महिला सचिव सीमा यादव, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा,व रामकुमार साहू उपस्थित रहे।

### रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया मतदान का संकल्प



**रायपुर 13 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आज रायपुर शहर के सभी विभागों ने सामूहिक मतदान का संकल्प लिया। इसके अंतर्गत रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय के सभाकक्ष में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान तिथि 07 मई को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वयं मतदान करने के साथ ही दूसरे मतदाताओं को भी लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। शुक्रवार की सुबह सभी अधिकारी-कर्मचारी सभाकक्ष में एकत्रित हुए और मतदान की शपथ ली। इस अवसर पर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) श्री पी.के. पंचायती, उप महाप्रबंधक (वित्त) श्री अमित शर्मा, उपप्रबंधक श्री संजय अग्रवाल, असिस्टेंट मैनेजर श्रीमती नेहा पटेल, श्री शुभम तिवारी, श्री योगेन्द्र साहू सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाजपा महिलाओं के सर्वागीण विकास के लिए कृतसंकल्पित: पारूल जैन

**राजनांदगाँव 13 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संतोष पांडे के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने जिले भर में जबरदस्त प्रचार अभियान छेड़ रखा हैं। पार्टी के मंडलों से लेकर शक्ति केंद्रों तक पूरे संसदीय क्षेत्र में बैठक लेकर प्रचार अभियान को गति प्रदान की जा रही हैं। महतारी सम्मान कार्यक्रम के तहत सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सम्मानित करने का दौर शुरु हो गया है प्रत्येक मण्डल के आधा दर्जन स्थानों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहें हैं जिसमे महिला वर्ग में भाजपा व उसके प्रत्याशी संतोष पांडे की लोकप्रियता निरंतर बढ़ती जा रही हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री पारूल जैन ने बताया कि वास्तव में महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का कार्य भाजपा ने ही किया हैं। लगातार छः दशकों तक सत्ता मे रहने के बाद भी कांग्रेस ने महिलाओं के विकास पर कभी ध्यान नहीं दिया उन्हे केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती रही जबकी भाजपा ने चाहे देश की हों, चाहे प्रदेश की हो, सत्ता संभालने के बाद महिलाओं के हितों के लिए मौलिक कार्य किए। महिलाओं के नाम पर राशन कार्ड बनाना भाजपा की ही देन हैं, जमीन, मकान, खेत, इत्यादि महिलाओं के नाम से खरीदने पर पंजीयन शुल्क में एक प्रतिशत की छूट भाजपा की उपलब्धि हैं। पंचायत व नगरीय निकाय के चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया इतना ही नहीं बल्कि अब तो आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत दिये जाने का कानून भी मोदी सरकार ने पास कर दिया हैं। सेना सुरक्षाबलों में महिलाओं की भर्ती, गणतंत्र दिवस की परेड में महिला वाहिनी का मार्च पास्ट करना, थल सेना, वायु सेना व नौसेना में महिलाओं की भर्ती होना ऐसे अनेक ऐतिहासिक कार्य केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा किए गए हैं जिसकी बराबरी कांग्रेस के लोग कभी नहीं कर पाएंगे। भाजपा नेत्री पारूल जैन ने आगे कहा की पिछले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं को प्रतिमाह 500 रुपए दिये जाने की घोषणा की थी जिसे भूपेश बघेल की सरकार ने पूरा नहीं किया और कांग्रेस अब फिर से महिलाओं के वोट थोक में प्राप्त के लिए एक फर्जी फार्म भरवाने का घृणित षड्यन्त्र कर रही हैं जबकी भाजपा ने मोदी गारंटी के तहत महतारी वंदन योजना में महिलाओं को एक हजार हर महीने देने की घोषणा की थी सरकार बनने के 90 दिनों के भीतर ही उसे पूरा करके दिखा दिया। महिलाओं के लिए भाजपा ने जी भी वायदे किए हैं सभी को पूरा कर रही हैं। जबकी कांग्रेस केवल घोषणए करती हैं और उसे कभी पूरा नहीं करती।

संपादकीय

# सवाल यह है कि जनता किस पर भरोसा करती है...

लोकतंत्र में तो सबसे बड़ा नेता वही माना जाता है, वही होता है जिसकी बात पर जनता भरोसा करती है. वह मानती है कि यह नेता कभी गलत नहीं कर सकता। जो कुछ करता है ठीक ही करता है। जब किसी नेता की ऐसी छबि बन जाती है तो वह चुनाव के बाद चुनाव जीतता चला जाता है, उसका कद हर चुनाव के बाद बढ़ जाता है। जब भी चुनाव आता है तो मान लिया जाता है कि यह चुनाव भी यही जीतेगा। देश के इतिहास में ऐसे नेता बहुत ही कम हुए हैं जिनकी जीत पर किसी को शंका नहीं रहती थी। पीएम मोदी भी ऐसे ही नेता है। उन्होंने पहले चुनाव में भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाकर चुनाव जीता था। वह जनता के बीच कांग्रेस की साझा सरकार के भ्रष्टाचार के मुद्दे को ले गए। जनता से कहा कि इसके समय में कितने ज्यादा भ्रष्टाचार हुए है, इसे सत्ता में रहने को कोई हक नहीं है,यह सत्ता में रहेगी तो इसी तरह देश में भ्रष्टाचार होता रहेगा। जनता ने उनकी बात पर भरोसा किया और कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर भाजपा के नेता के रूप में नरेंद्र मोदी का सत्ता सौंप दी। पीएम मोदी ने दूसरा चुनाव अपने काम के कारण जीता। पांच साल में जो काम किए उसके आधार पर जनता से वोट मांगा और यह भी बताया कि अगले पांच साल वह क्या करने वाले हैं । जनता ने उनको फिर सत्ता सौंप दी। अब तीसरा चुनाव देश में लड़ा जा रहा है। पीएम मोदी ने देश के लोगों को आश्वस्त कर रखा है कि तीसरी बार चुनाव जीतकर वह क्या क्या करने वाले हैं। वह दस साल में खुद को काम के मामले में कांग्रेस से बेहतर साबित कर चुके है उनको अपनी जीत पर कोई शंका नहीं है। यही वजह है कि वह चुनाव के महीनों पहले से कहते आ रहे हैं कि तीसरी बार भी वही पीएम बनेंगे। पीएम मोदी अपने आपको को हर साल बेहतर से बेहतर साबित करते जाते हैं।

वहीं राहुल गांधी देश के लिए तो छोड़ो अपनी पार्टी व विपक्ष को एकजुट करने में बेहतर साबित नहीं कर पाए है। देश को पीएम मोदी व राहुल गांधी में से किसी एक को चुनना होगा तो वह पीएम मोदी को ही चुनेगा क्योंकि वह अपने आपको देश का ही नहीं विश्व का बेहतर नेता साबित कर चुके है। कई बार तो कांग्रेस नेता ही पीएम मोदी को मौका देता हैं कि वह खुद को कांग्रेस नेताओं से बेहतर साबित करें। छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष कहां भूपेश बघेल को पीएम मोदी की टक्कर का नेता बताना चाहते थे लेकिन वाणी संयम नहीं रहने के कारण कह दिया भूपेश बघेल ही ऐसे नेता है जो नरेंद्र मोदी का सिर फोड़ सकते है। यहां तो मौका कांग्रेस नेताओं ने पीएम मोदी को बेहतर नेता साबित करने का मौका दिया। पीएम मोदी ने बस्तर की सभा में खुद को कांग्रेस नेताओं से बेहतर साबित किया। चरणदास महंत ने भूपश बघेल की तारीफ करते हुए यह नहीं बताया था कि पीएम मोदी का सिर फोड़ने वाला आदमी कांग्रेस के नेता क्यों चाहिए। पीएम मोदी को कांग्रेस ने मौका दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए कहा है कि यह भ्रष्टाचारी है, मैंने इनको भ्रष्टाचार करने से रोक दिया है। मेरे रहते यह भ्रष्टाचार नही कर पा रहे है, इसलिए मेरा सिर फोड़ देना चाहते हैं यानी मौका मिला तो नरेंद्र मोदी खुद को ईमानदार और कांग्रेस नेताओं को भ्रष्टाचार करने वाला बताकर खुद को कांग्रेस नेताओं से बेहतर साबित किया है। बीस साल सत्ता में रहने के बाद बड़े से बड़ा नेता भ्रष्ट हो जाता है लेकिन मोदी पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है इसलिए वह ईमानदार हैं और दिखते भी हैं। इसलिए जनता उनकी बातों पर भरोसा करती है।



डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

नवरात्रि पर विशेष...

# 'नवरात्रि और मां अंबे की पर्याय है बेटियां'



हिंदू पंचांग के अनुसार हम वर्ष में दो बार चैत्र मास तथा क्वांर मास में मां की आराधना से जुड़ते हैं । वर्ष में 18 दिन हर प्रकार से देवी स्तुति करते हुए परिवार की मंगल कामना सहित हम हिंदू धर्मावलंबी पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ अपनी आराध्य मां जगदम्बे की पूजा - अर्चना करते आ रहे हैं । प्रतिवर्ष नवरात्र आते हैं और चले जाते हैं । हमारी श्रद्धा इस रूप में सामने आती हैं - कि मां हमारे घर आईं और हम पर अपना आशीष बरसाकर कुछ दिनो के लिए चली गईं । फिर मां का आगमन होगा । फिर हम सब अपनी मनोकामना की गठरी मां के समक्ष खोलने आतुर दिखाई पड़ने लगते हैं । मां तुम्हारे आने से किस्मत हमारी खुल गई । मां तुम्हारे दिव्य स्वरूप ने हमे आपके आंचल का स्नेह दिया । इसी तरह के न जाने कितने साधुवाद के साथ हम मां का आशीर्वाद अपने तथा परिवार के लिए मांग रहे होते हैं । इतना ही नहीं नौ दिनों तक पवित्र भावों और निर्मल मन के साथ मां के मन - मोहनी सौंदर्य को निहारते रहते हैं । यही वे नौ दिन हैं जब हम कन्याओं के चरण स्पर्श कर खुद को सौभाग्यशाली समझते हैं । कन्याओं को मान - सम्मान देते हुए हैं ऐसा अनुभव करते हैं मानो साक्षात मां अंबे की सेवा कर रहे हों । इतनी पवित्र भावनाओं के बावजूद उसी मां का नन्हा स्वरूप जब परिवार में कन्या रूप में अवतरित होता है तो अधिकांश परिवारों में दर्द का पर्याय बन जाता है ! कन्या का जन्म अशुभ मानने वालों की भी कमी नहीं होती है । हमें मां की आराधना तो स्वीकार है क्योंकि हम उसके चरणों में अपने स्वार्थ की पूर्ति करवाना चाहते हैं, किंतु उसी का धरती में आना और परिवार में जन्म लेना नागवार हो जाता है ।

बेटे और बेटियों को समान दर्जा देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर की जाने वाली अपील का भी कोई असर दिखाई नहीं पड़ रहा है ! वर्तमान समय में अनेक परिवारों में नन्हीं और प्यारी सी बिटिया के जन्म लेते ही परिवार की खुशियां न जाने कहां गायब हो जाती हैं । होठों की मुस्कान फुर्र हो जाती है । आंखों में उदासी का प्रतिबिंब तैर जाता है । मस्तक पर चिंता की लकीरें खिंच जाती हैं ! लक्ष्मी और दुर्गा का प्रतिरूप समझी जाने वाली वही नन्हीं बच्ची परिजनों की बेरुखी और कटाक्ष को झेलती दिखाई पड़ती है ! बेटे की तुलना में उस नन्हीं सी जान का अपमान करने से भी मनुष्य पीछे नहीं रहता है ! आज 21 वीं सदी में भी हम " बेटी पराए घर की अमानत " जैसी पुरातन सोच का लबादा ओढ़े हुए हैं ! हमारी यही सोच दिन - प्रति - दिन शिक्षा से लेकर हर प्रकार के हुनर में आगे बढ़ रही बेटी के विकास में रोड़ा बनने लगता है ! बेटियों की इच्छाओं का कोई मोल नहीं समझा जा रहा है , जबकि वही बेटी अब अपने माता - पिता के दुर्दिनों में साथ खड़ी दिखाई पड़ रही है । कन्या जन्म की विडंबना यहां तक क्रूर रूप ले चुकी है कि उसे कोख में ही मार दिया जाता है ! बेटियों को मारकर नवरात्रि में कन्या पूजन की चाहत रखने वालों की भी कमी नहीं है ! स्थिति यहां तक बिगड़ चुकी है कि बेटे को दूध - बादाम तथा बेटी को सादे खाने पर पाले जाने की परंपरा भी स्पष्ट दिखाई पड़ने लगी है !

हम इस सच्चाई से मुंह नही मोड़ सकते कि वर्तमान समय में स्वार्थपरता ने लगभग सभी पर शासन करना शुरू कर दिया है ! सहनशीलता , दृढ़ इच्छाशक्ति , कार्य निष्ठा के साथ असंभव को संभव बनाने वाली मातृ शक्ति , पुरुष को जन्म देकर पुरुष के द्वारा ही छली जाति है ! अपने बेटे को समर्थ बनाने वाली उसी के रूप और भावों को नहीं समझ पाती है ! कारण यह कि मां रूपी नारी का हृदय सदैव निर्मल बना रहता है । मेरा यह लेख सभी परिवारों का आंकलन नहीं है ,किंतु फिर भी दहेज के नाम पर कोई बेटा नहीं जलाया जाता ! बलिवेदी पर बेटियों की ही बलि चढ़ाई जाती है ! गर्भ में बेटियों की ही हत्या की जाती है , बेटों की नहीं ! समाज में व्याप्त सारी बंदिशें , सारी रुकावटें बेटियों के मार्ग में ही रोड़ा अटकाती रही हैं ! समाज में व्याप्त इस तरह की दूषित मानसिकता का अंत कभी होगा भी या नहीं ? हमारे मानवीय समाज को यह समझना होगा कि बेटियां ही इस धरती का अनमोल खजाना हैं ! बेटियां ही ज्ञान की प्रदिप्ति हैं ! हमें केवल उन्हें उड़ान देने की जरूरत है । पंख तो वे स्वयं लेकर ही आती हैं । बेटियां उस खुशहाली का प्रतीक हैं जो परिवार को महकाया करती हैं । यदि हम नवरात्रि पर्व पर कन्याओं को पूजना चाहते हैं । उनका आशीर्वाद लेना चाहते हैं तो उन्हें सम्मान एवं अधिकार देना ही होगा ।



मानवीय समाज को यह बात स्वीकार करनी होगी कि माता - पिता की जिंदगी खुशियों से भर देने के साथ बेटियां पिता की जिंदगी के कुछ साल भी बढ़ा देती हैं । यह केवल भावनाओं में में कही जाने वाली बात नही बल्कि पोलैंड की जेगी लोनियन यूनिवर्सिटी के अध्ययन में दावा किया गया है कि बेटियों के पिता उन लोगों के मुकाबले लंबी उम्र जीते हैं , जिनके पास बेटियां नहीं होती हैं ! सर्वे में यह भी दावा किया गया है कि पिता की सेहत पर बेटा होने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता किंतु बेटी के जन्म पर पिता की उम्र 74 सप्ताह बढ़ जाती है ! बेटियों को लेकर वैसे भी कहा जाता रहा है :- " बेटियां सब के मुकद्दर में कहां होती हैं , जो घर ईश्वर को पसंद हो , बेटियां तो वहीं होती हैं ! " बेटियों को लेकर एक कटु सत्य जो मैने अब तक के अपने जीवन में महसूस किया है वह है - घर की सुंदरता और स्वच्छता सिर्फ स्त्रियों के साथ बेटियो को ही ईश्वर ने प्रदान की है । जिस घर में बेटियां जन्म लेती हैं वह घर स्वच्छता के दृष्टिकोण से उन घरों से अच्छा होता है ,जहां बेटियां नहीं होती हैं ! यह भी कहा जा सकता है कि बेटियों के न होने से घर की दशा दयनीय होने की आशंका प्रबल रहती है ! मैं यदि बेटियों की संतुष्टि की बात करूं तो उनका स्वभाव उस प्लेट की तरह होता है जी छिछली होने के कारण थोड़े में ही भर जाती है । दूसरी ओर बेटा उस अंधेरे कुएं से कम नहीं होते जिसमे जितना भी डालो समाता चला जाता है ! मां जगदम्बे की आराधना का पर्व नवरात्रि हमें यह संदेश देता है कि बेटियों को उनका प्रतिरूप मानकर केवल नवरात्रि में स-सम्मान भोजन आदि कराकर पुण्य कमाने की सोच का त्याग कर दें । यदि मां अंबे की कृपा की चाह रखते हों तो बेटियों के लिए 365 दिन नवरात्रि का पर्व समझकर उन्हें स्नेह प्रदान करें ।

## आज का राशिफल

**मेष राशि**–आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज ऑफिस के किसी कार्य में सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी। आज घर में बच्चों के साथ आपका अच्छा टाइम बितेगा। माता पिता बच्चो को कोई अच्छी सलाह भी दे सकते हैं। छात्रो को आज ऑनलाईन कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**वृष राशि**–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है। अपना समय शॉपिंग में बिता सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगो को आज किसी मल्टी नेशनल कम्पनी से कॉल आ सकती है। दांपत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी।

**मिथुन राशि**– आज आपका दिन शानदार रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आप कोई नया प्लान बनायेंगे। किसी बुजुर्ग महिला की सेवा का अवसर मिलेगा इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे। आज आपके ज्यादातर सोचे हुए कामों पूरे हो जाएंगे। छात्र कोशिश करते रहे, सफलता के योग बने हुये है।

**कर्क राशि**– आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। आप परिवार के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा।

**सिंह राशि**– आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर.. पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। बिजनेस में आपको फायदा हो सकता है।

**कन्या राशि**–आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज आपको सफल बना सकती है। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हे आप बखूबी निभाएंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आस-पास के कई लोग आपको सलाह देगें। जीवनसाथी पर भरोसा बनायें रखें, रिश्ते मजबूत होंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज आपको पुरानी बातें याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढने की प्रेरणा आपको मिलेगी। किसी दूसरों की नक़ल न करें अपने आप पर विश्वास करें। मां कूष्मांडा के सामने घी का दीपक जलाएं, जीवन में दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

**वृश्चिक राशि**– आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें ,अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालें मन शांत रहेगा। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे।

**धनु राशि**– आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। अगर आप नयी जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा कुछ नया सीखने को मिलेगा। लवमेट अपने मन की बात शेयर करेंगे। इससे रिश्तों में मधुरता बनेगी। शाम को परिवार के साथ किसी जरूरी मामले पर बात होगी जहां आप खुलकर अपनी राय रखेंगे।

**मकर राशि**–आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको अपनी सोच सकारात्मक बनाये रखने की आवश्यकता है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घर को खुशी होगी। इस राशि के टैक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है।

**कुंभ राशि**– आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में कार्यशीलता के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे होने से प्रसन्नता होगी। दोस्ती में चल रही अनबन को ख़त्म करने के लिए आप हाथ बढ़ा सकते हैं। आज आपको कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि**– आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है। माता पिता से आशीर्वाद लेने से आपकी सभी परेशानियों का हल मिलेगा। आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। साथ ही किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा भी बनेंगे।

व्यंग्य

# सारी दुनिया गोल-मटोल

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

पिता जी की कभी उंगलियाँ हुआ करती थीं। अब केवल नसें ही दिखाई देती हैं। नसों के उभार में खून नहीं जीवन का लेखा-जोखा दौड़ता है। वैसे भी उनके बदन में खून कहाँ था। खून तो जमीर वालों का होता है। उनका जमीर तो मेरे चक्कर में मेज के नीचे से कागज के टुकड़े बटोरने में ही पानी हो गया। अच्छा हुआ उनका खून खून नहीं पानी था। खून दिखने में, होने में और निभाने में ठीक वैसे ही होते हैं जैसे ठोस, द्रव और भाप। उन्होंने बड़ी उम्मीदों से मुझे लाखों की फीस वाले कान्वेंट स्कूल में भेजा था। वहाँ जाकर मैंने सीखा भी तो क्या सीखा, यही कि ऊपर चंदा गोल-गोल, नीचे धरती गोल-गोल। मम्मी की रोटी गोल-गोल, पापा के पैसे गोल-गोल। हम भी गोल, तुम भी गोल, सारी दुनिया गोल-मटोल। यह ज्ञान तो मैं बिना स्कूल गए भी सीख सकता था। दुनिया में लाखों ऐसे हैं जो बिना महंगी पढ़ाई के गोल-गोल बातें करते हैं, मैं भी उनमें शामिल हो जाता।



आज शरीर से घोड़ा बनने के बाद समझ आया कि अक्ल से अभी भी मैं गधा हूँ। स्कूल ने पढ़ाया था कि भूमि पहले अपने, फिर सूर्य के चारों ओर घूमती है। अनुभव ने सिखाया कि इंसान गायब होते रीढ़ का गोल माँस वाला लुंडा है। वह भी भूमि के समान घूमता है। सूर्य के चारों ओर नहीं, पैसे के। भूमि अपने अक्ष से थोड़ी झुकी हुई है। इंसान अपने जमीर से पूरा झुका हुआ है। भूमि के गोल-गोल घूमने से दिन और रात बनते हैं। वहीं इंसानों के दिन-रात घूमने से स्वार्थ बनते हैं। स्वार्थ भी समय के साथ बदलते रहते हैं। कल विदेश आने से पहले तक जो पिता जी मेरे लिए सब कुछ हुआ करते थे आज वे सबसे तुच्छ लगने लगे हैं। एक दर्पणनुमा इलेक्ट्रानिक गजट उनके हाथों थमा दिया है। पहले पहल मैं और मेरा परिवार वीडियो कॉल के बहाने खूब बतियाया करते थे। तब भी पिता जी की शिकायतें रहा करती थी। कहते थे कि अंतरजाल का फेर मोहजाल का तोड़ थोड़े न होता है। अब उन्हें कौन समझाए कि रिश्तों के मोहजाल को निभाने के लिए समय भी चाहिए होता है। वे इसे नहीं समझते। उन्हें कौन बताए कि टैब को बार-बार टैप करने से बूढ़ी आँखों के आँसू टपटपाना थोड़े न बंद होंगे।

जानते हैं यह सब मैं आपको क्यों बता रहा हूँ। इसलिए कि सारी दुनिया गोल-मटोल है। सबको एक दिन बूढ़ा होना पड़ता है। अब मैं भी बूढ़ा हो चला हूँ। मेरा बेटा मेरे पास नहीं अपने परिवार के साथ और कहीं रहता है। उससे बतियाने के गजट तो बहुत हैं लेकिन उसके पास समय का बजट नहीं है। मेरी तरह बचपन में वह भी स्कूल जाया करता था। उसने भी वही सीखा जो मैंने पाया। अंतर केवल भाषा का था। वह अक्सर गाता - राउंड एंड राउंड एंड राउंड एंड राउंड। बाउंसिंग अप एंड बाउंसिंग डाउन। लेट मी टेल वाटिज दट? वह हँसकर 'बॉल' कहता और मैं रो-रोकर 'ह्यूमन ऑल'।

# गर्मी में निकलने वाला पसीना भी हो सकता है आपके लिए फायदेमंद

आम तौर पर सभी लोग गर्मी के मौसम में निकलने वाले पसीने से बेहद परेशान रहते हैं। पसीना शरीर में चिपचिपाहट और दुर्गंध पैदा करता है।हालांकि, गर्मियों में आने वाला पसीना स्वास्थ्य के लिहाज से फायदेमंद साबित होता है। हमारे शरीर को ठंडक देने के साथ पसीना शरीर से गर्मी को दूर करता है।कोलेस्ट्रॉल और नमक जैसे पदार्थ पसीने के जरिए शरीर से बाहर निकाले जा सकते हैं।आइए जानते हैं गर्मी में पसीना आने के स्वास्थ्य लाभ। पसीना आना शरीर को ठंडा रखने का प्राकृतिक तरीका है। जब तापमान बढ़ता है, तो हमारा शरीर पसीने की ग्रंथियों की मदद से त्वचा की सतह पर नमी छोड़ता है।जैसे ही यह नमी भाप बनती है, यह गर्मी को भी दूर ले जाती है। इसके कारण हमारे शरीर का तापमान कम हो जाता है।यह तंत्र उमस भरी गर्मी के महीनों में अत्यधिक गर्मी से बचाता है। पसीना आने से लोग हीटस्ट्रोक का शिकार होने से बच जाते हैं। पसीना हमारे शरीर को डिटॉक्स करने के लिए जाना जाता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों और अशुद्धियों को हटाने में मदद करता है।

ललित गर्ग

चुनाव

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले



लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए।

लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है।

देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है।




भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं - ''जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई''। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें।

राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें। जबकि विपक्षी दलों की सारी की सारी कवायद में एक अनर्थ सच्चाई के ही दर्शन हुए क्योंकि जैसे केवल चेहरे बदलने से दामन के दाग नहीं धुल जाते, वैसे ही कुछ युवा चेहरों को सामने खड़ा करने से क्रांतिकारी सोच पैदा नहीं की जा सकती। भ्रष्टाचार के मुद्दे को व्यक्तिगत आरोपों की झड़ी लगाकर पृष्ठभूमि में डालने की कोशिश की जा रही है।

कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं। हमें अतीत की भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना। वर्तमान के हाथों में जीवन की संपूर्ण जिम्मेदारियां थमी हुई हैं। हो सकता है कि हम परिस्थितियों को न बदल सकें पर उनके प्रति अपना रूख बदलकर नया रास्ता तो अवश्य खोज सकते हैं। आने वाले नये राजनीतिक नेतृत्व का सबसे बड़ा संकल्प यही हो कि राष्ट्रहित में स्वार्थों से ऊपर उठकर काम करेंगे। राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्र सर्वोपरि रहेगा। व्यक्ति का क्या मूल और क्या विसात। विरोध नीतिगत होना चाहिए व्यक्तिगत नहीं। एक उन्नत एवं विकासशील भारत का निर्माण करने के लिये हमें व्यक्ति नहीं, मूल्यों एवं सिद्धान्तों को शक्तिशाली बनाना होगा।

# बस्तर समेत छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट जीतेंगे: विष्णु देव साय

## कॉंग्रेस को हार स्पष्ट नजर आ रही है,इसलिए अशोभनीय टिप्पणी करते घूम रहे हैं,प्रत्याशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 13 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर के बीजापुर में विशाल विजय महासंकल्प रैली को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा एवं बस्तर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप समेत भाजपा के बड़े नेता एवं पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बीजापुर के कोने-कोने विशाल संख्या में जुटे जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज कांग्रेस धीरे-धीरे अपनी समाप्ति की ओर अग्रसर है और कांग्रेसी खुद ही कांग्रेस को समाप्त करने में तुले हैं। पिछले 5 वर्षों में इतना भ्रष्टाचार, जनता पर इतना अत्याचार कांग्रेस ने किया कि जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया।




उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी आज जनता का विश्वास बन चुका है। पीएम मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। देश को निराशा, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और असुरक्षा की भावना से निकालकर मोदी ने आशा, खुशहाली और विकासवाद के नई बुलंदी पर पहुंचा दिया है। बस्तर को बीजापुर को भारत के विकास के मानचित्र में दिल्ली के साथ कदम से कदम ताल करते हुए देखने के लिए हमे महेश कश्यप एवं भाजपा को भारी मतों से जिताना होगा यही अपील करने मैं आज आप सबके बीच आया हूं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि हम विकास की संभावनाओं को जानते हैं और विकास की गति और गहराई दोनों को जानते हैं। हमने पिछले 10 वर्षों में जो कर दिखाया है वह कांग्रेस पिछले कई दशकों तक में भी नहीं कर पाई है। बस्तर के विकास के लिए बीजापुर क्षेत्र के विकास के लिए विकास विरोधी कांग्रेस को सत्ता से कोसों दूर भगाना होगा और भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताना होगा यही मैं आप सभी से करबद्ध निवेदन करने आया हूं।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कई दशकों तक आदिवासियों को केवल नाकारा हुआ समझकर, वोट बैंक समझकर, कांग्रेस ने छला है और अभी कैसे व्यक्ति को प्रत्याशी बना दिया है जो स्वयं भ्रष्टाचार, अपने ही नेताओं की हत्या की साजिश, नक्सलवाद को समर्थन देने का आरोपी है। कांग्रेस को हराने में भी कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं और हार के डर से इतना बौखला गए हैं कि प्रधानमंत्री को जान से मारने की धमकी तक दे रहे हैं। बस्तर की जनता उन्हें सबक सिखाने तैयार बैठी है।

भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर के वनवासियों का जीवन हमेशा विषम परिस्थितियों के बीच गुजरा है।समाज की पीड़ा समाज के दर्द को हमेशा देखते रहे है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी एवं आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने मुझ जैसे गरीब परिवार के बेटे को टिकट देकर यह बता दिया कि भाजपा की नजर गांव, समाज और पार्टी के हित में पार्टी के विकास में पार्टी के माध्यम से जो समाज सेवा में जुटा हुआ है सभी पर होती है और एक न एक दिन उन्हे बड़ा अवसर जरूर मिलता है। आप सब के आशिर्वाद से मैं लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचकर बस्तर के आम लोगों की आवाज बनूंगा। माननीय मोदी जी के साथ मिलकर बस्तर के विकास के लिए काम करूंगा। विष्णुदेव साय के साथ मिलकर कदमताल करूंगा

उन्होंने कहा देश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने प्रदेश के विकास के लिए बीजापुर के विकास के लिए जो कार्य किए हैं वह अनुकरणीय है। हम जिस सड़क रास्ते से आते हैं वह उन्हीं की देन है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के लिए हमें पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस योजना का और विस्तार किया है। हमे कांग्रेस से पूछना चाहिए 2013 के पहले भारत की तस्वीर क्या थी और अभी क्या है। आज हर वर्ग में आशा, विकास को लेकर खुशी और सर्वथा सकारात्मक ऊर्जा का माहौल है यह सब आदरणीय मोदी जी की देन है।

मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि पिछले पांच सालों तक छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार एवं बस्तर के कांग्रेसी सांसद ने बस्तर को बद्तर बनाने के लिए किया लेकिन बस्तर के विकास लिए मोदी जी ने आवास, सड़क, बिजली, रेल और वनोपज का उचित दाम देने का काम जारी रखा। अब वक्त आ गया है बस्तर को डबल इंजन की रफ्तार से दौड़ाने का। महेश कश्यप को जिताकर भाजपा का 400 पार का लक्ष्य पूरा करें यही आप सभी से अपील करने आया हूं।

## एक नजर

### माओवादियों की कायराना करतूत फिर आई सामने

**बीजापुर 13 अप्रैल।** थाना मिरतुर क्षेत्रान्तर्गत डुमरीपालनार से हिरोली के मध्य सड़क पर सुरक्षा बल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर द्बश्वष्ठ की चपेट में आकर हुई निर्दोष मजदूर की मौत मुन्ना भारती पिता श्याम भारती उम्र 40 वर्ष निवासी छोटे देवड़ा थाना बकावंड जगदलपुर जिला बस्तर का निवासी है जो डुमरीपालनार से गंगालूर की ओर जा रहा था। थाना मिरतुर में मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है।

### व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार ने रायगढ़ नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

**रायगढ़, 13 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र-02 के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। निर्वाचन प्रक्रिया में व्यय अनुवीक्षण के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री सेंथिल कुमार बी आज रायगढ़ पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन के लिए जिला कार्यालय में बनाए विभिन्न नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक श्री सेंथिल कुमार बी ने विजिल कक्ष के निरीक्षण करते हुए सी-विजिल एवं आचार संहिता उल्लंघन एवं निर्वाचन से संबंधित शिकायत हेतु स्थापित कक्ष नंबर में टोल फ्री नंबर 1950 में प्राप्त हो रही शिकायतों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कंट्रोल रूम एवं पोस्टल बैलट एवं ईडीसी कक्ष का भी निरीक्षण कर जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर उपस्थित रही। लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर व्यय प्रेक्षक श्री सेंथिल कुमार बी आज रायगढ़ के बोंदा टिकरा पहुंचे। यहां उन्होंने फ्लाईंग स्क्वाड टीम का निरीक्षण किया एवं उनके द्वारा की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। उन्होंने टीम को मुश्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

### रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए आज 9 अभ्यर्थियों ने लिये नामांकन पत्र

**रायगढ़, 13 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नाम निर्देशन पत्र लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया आज 12 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है। पहले दिन रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक-02 रायगढ़ के लिए 9 नाम निर्देशन खरीदे गए। जिनमें श्री मदन प्रसाद गोंड-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, श्री राजेन्द्र मिंज-इंडिया ग्रीन्स पार्टी, श्रीमती पूजा सिदार-निर्दलीय, श्री प्रकाश कुमार उरांव-निर्दलीय, श्री राधेश्याम राठिया-भारतीय जनता पार्टी, श्री इनोसेंट कुजूर-बहुजन समाज पार्टी, श्री फकीर चंद सिदार-बहुजन समाज पार्टी, श्री गुलेश्वर पैंकरा-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी एवं श्री महेन्द्र कुमार सिदार-भारत आदिवासी पार्टी के द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए है।

# बीजापुर में ईदुलफित्र की नमाज़ खुशनुमा माहौल में अदा की गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 13 अप्रैल ।** माहे रमजान में कड़ी धूप और गर्मी के बीच 30 रोजे पूरे करने के बाद शहर के मुस्लिम समुदाय के लोग गुरुवार को ईदुल फित्र की नमाज़ ईदगाह में पढ़ी । नमाज़ के बाद देश,प्रदेश व बस्तर में अमन चैन,व भाईचारा कायम रखने की खाश दुआ मांगी गई । ईद की नमाज के लिए बीजापुर नगर के अलावा बासागुड़ा,अवापल्ली, उसुर मोदकपाल ,नेमेड,दोगोली,कुटरू, फारसेगड़ से लोग ईदगाह पहुंचे।

ईद के ठीक एक दिन पहले चांद रात को बाजार में रौनक बढ़ गई है। लोग देर रात तक सेवई, मेवे, कपड़े और दीगर सामान खरीदते रहे। ईदुल फित्र की खास नमाज शहर के ईदगाह में सुबह 9 बजे जामा मस्जिद के इमाम मो नावेद आलम द्वारा अदा कराई गई ।ईदगाह में तेज गर्मी को देखते हुए शामियाना लगाया गया था लेकिन बदली छाए रहने से मौसम को और भी खुशनुमा बना दिया ,कमेटी की जानिब से ईदगाह में शरबत व सेवई का इंतज़ाम भी किया गया था । मीठी ईद को लेकर लोगो के साथ बच्चों में काफी उत्साह देखा गया । नमाज़ के बाद सभी एक दूसरे के गले लग मुबारक बाद देते रहे ।अन्य समाज के लोग भी ईदगाह पहुँचकर हाथ मिलाकर ईद की मुबारकबाद दी ।। नमाज़ के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग बढ़ी संख्या में कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहुमो के हक के में खास दुआएं की ।

## समाचार संक्षेप

### विधानसभा के बाद अब लोकसभा की है बारी



**बीजापुर 13 अप्रैल।** बीजापुर जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने लगातार स्वीप एक्टिविटी के द्वारा व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका व्यापक असर जिले के मतदाताओं में देखने को मिल रहा है। नए मतदाता भी इस बार मतदान के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। संतोषपुर गांव के नए मतदाता ललिता, सरिता, विमला और मंजू शासकीय कार्य से जिला कार्यालय पहुंचे थे जहां ईव्हीएम मशीनों के मॉडल को देखकर काफी उत्साहित नजर आए और ईव्हीएम मॉडल के साथ अपना सेल्फी लेते दिखे। पूछने पर बताया कि वे लोग इस बार लोकसभा निर्वाचन में पहली बार मतदान करेंगे। जिले में मतदाता जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की जानकारी दी। ज्ञात हो कि जिला कार्यालय में मतदाताओं के अवलोकन हेतु ईव्हीएम मशीन, कंट्रोल यूनिट, बैलेट, यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों का लकड़ी से निर्मित मॉडल बनाया गया है, जिसका अवलोकन जनसमुदाय द्वारा किया जा रहा है।

### प्रशासनिक अधिकारी- कर्मचारियों ने ली मतदान करने की शपथ



**राजिम 13 अप्रैल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है.। इसी तारतम्य में जिले के सभी शासकीय कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने अपने संस्था एवं कार्यालयों में मतदान करने की शपथ ली. इसी तारतम्य में फिंगेश्वर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी ने अपने कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुणण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली.ब्लाक नोडल अधिकारी पूरन लाल साहू ने कहा कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए।

### सीएमएचओ चंद्रवंशी ने एनटीपीसी लारा अस्पताल में वेक्सीनेशन यूनिट का किया शुभारंभ



**रायगढ़, 13 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के दिशा-निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने आज विकासखंड पुसौर के एन.टी.पी.सी लारा अस्पताल में वेक्सीनेशन यूनिट का शुभारंभ किया। जिसमें प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को टीकाकरण सतत् किये जाने तथा एनसीडी स्क्रीनिंग, एचआईवी जांच, सिकलसेल जाँच के साथ ही प्रत्येक माह में एक बार नेत्र जांच हेतु शिविर आयोजन करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में नेत्र परीक्षण के दौरान पाये गये मोतियाबिंद मरीजों को जिला अस्पताल में निर्धारित दिवस पर भेजने हेतु परामर्श दिए। साथ ही अदानी पावर लिमिटेड रायगढ़ औद्योगिक संस्थान में कर्मचारियों एवं ड्राईवर, लेबर, ट्रक ड्राईवरों का एचआईवी, हेपेटाईटिस बी, सी.सिफलिस, टी.बी.स्क्रीनिंग जाँच हेतु विशेष जाँच शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 1000 जाँच का लक्ष्य में से 300 जाँच किया गया है। उसे शत-प्रतिशत जाँच पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए।

# प्रेक्षक ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र और जांच नाका का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 13 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुन्द लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 के के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत फिंगेश्वर शहरी के दो मतदान केन्द्र एवं जामगावं के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा छुरा विकासखंड के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 49 खुड़ियाडीह और कोसमबुड़ा के जांच नाका का निरीक्षण किया। उन्होंने खुड़ियाडीह के मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान के लिए विकसित की जा रही व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही कोसमबुड़ा में बनाए गए चेकपोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल द्वारा वाहनों की किए जा रहे चेकिंग का भी अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने सक्रियता के साथ वाहनों की चेकिंग कर अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोक लगाने और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रेक्षक ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, छाया आदि क्रियाशील रहे, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने



चेकपोस्ट में तैनात कर्मचारी और स्थैतिक टीम के कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक जानकारी ली। साथ ही चेकपोस्ट में संधारित की जाने वाली रजिस्टर सहित आवश्यक दस्तावेज की जांच की। उन्होंने स्थैतिक दल और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस मार्ग से होकर गुजरने वाली सभी वाहनों की जांच करनी चाहिए साथ ही वाहन नंबर सहित आवश्यक जानकारी भी रजिस्टर में संधारित करें। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि खुड़ियाडीह के मतदान केन्द्र में विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान मतदान का प्रतिशत काफी अच्छा हुआ था। लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में शत प्रतिशत निर्वाचन हो इसके लिए तिथिवार स्वीप की विविध गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है। जिससे की मतदाता जागरूक होकर अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित हो। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार गोलछा, एसडीएम राजिम श्रीमती अर्पिता पाठक, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री आर.डी बर्मन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प से गूंजा केलो नदी का उद्गम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 अप्रैल।** जिले के सुदूर वनांचल और अंतिम छोर तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला चल रही है। इस कड़ी में लैलूंगा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित केलो नदी के उद्गम ग्राम पहाड़ लुडेग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। केलो का यह उद्गम यहां पहुंचे ग्रामीणों और युवा मतदाताओं के शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प से गूंजा। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के साथ सीईओ जिला पंचायत व स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव व डीएफओ सुश्री स्टाइलो मंडावी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। जिले के दूरस्थ अंचल में लैलूंगा विकासखंड का पहाड़ लुडेग गांव में केलो नदी का उद्गम स्थित है। यहां जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ग्रामवासी बड़ी संख्या में जुटे और लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी को शपथ दिलाई कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।

इस मौके पर एसडीएम लैलूंगा सुश्री अक्षा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने पहाड़ लुड़ेग और आस पास के गांवों के 75 नए मतदाताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश के नागरिक के रूप में आपको मतदान का यह मौका मिला है यह सिर्फ आपका अधिकार ही नही बल्कि एक जिम्मेदारी और कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि 7 मई को मतदान के लिए अवश्य पहुंचे और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनें।



## केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर ग़रीब महिला को साल के एक लाख रुपये मिलेंगे

# सीताक्का ने कहा-बस्तर की आवाज है लखमा दादी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 13 अप्रैल।** शुक्रवार को तेलंगाना सरकार की पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री व महिला एवं बाल विकास मंत्री दनसारी अनुसुईया (सीताक्का) भोपालपटनम क्षेत्र के एक दिवसीय चुनावी दौरे पर रही इस दौरान उन्होंने भोपालपटनम के ग्राम नरोनापल्ली और दम्मूर में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया वहीं मद्देद के आम सभा में कांग्रेस पार्टी और बस्तर लोक सभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के लिए वोट मांगते हुए कहा कि ÷बस्तर की आवाज़ कवासी लखमा है।÷ बस्तर की आवाज़ को दिल्ली तक पहुँचाने के लिए हर समय सुख दुःख में हमारे बीच रहने वाले आदिवासियों की आवाज़, बस्तर की आवाज़ कवासी लखमा को अपना वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील मतदाताओं से की है।




मंत्री दनसारी अनुसुईया (सीताक्का) ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर देश की हर ग़रीब महिला को साल में एक लाख रुपये देने की गारंटी कांग्रेस पार्टी देती है। उन्होंने आगे कहा कांग्रेस की सरकार बनने पर केंद्र सरकार में ख़ाली पड़े 30 लाख सरकारी पदों को भरा जाएगा और देश के किसानों के ऋण माफ़ किए जाएँगे। मंत्री दनसारी अनुसुईया (सीताक्का) ने अपने संबोधन में कहा कि जब से देश में मोदी सरकार बनी है तब से देश में महगाई चरम पर है पेट्रोल, डीज़ल, घरेलू गैस और खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे है देश का आम आदमी महंगाई और जीएसटी से त्रस्त है मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में देश की जनता को कोई राहत नहीं दिया है उल्टे देश के उद्योगों को मोदी सरकार और भाजपा ने देश के अपने पूंजीपति मित्रों अड़ानी और अंबानी को बेचने का काम किया है इसलिए ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना ज़रूरी है। मंत्री दनसारी अनुसुईया (सीताक्का) ने आगे कहा कि मोदी की गारंटियों की कोई गारंटी नहीं है युवाओं को हर साल दो करोड़ रोज़गार और प्रत्येक के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपये देने के वादों के जैसे ही मोदी की गारंटियां भी जुमले है।

कवासी लखमा ने मद्देद की आम सभा को मोबाइल फ़ोन से संबोधन करते हुए कांग्रेस पार्टी और स्वयं के लिए वोट मांगा है। सभा को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, ज़िला पंचायत सुकमा के अध्यक्ष हरीश कवासी, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ज़िला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, समेत अन्य नेताओं ने संबोधित किया है। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कामेश्वर गौतम, ज़िला पंचायत सदस्य सरिता चापा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश पामभोई, तलांडी इस्तरी, जनपद अध्यक्ष निर्मला मरपल्ली, उपाध्यक्ष मिच्चा मुतैया, नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकी कोरम, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, वरिष्ठ कांग्रेसी कन्नूर सत्यम, वरिष्ठ पार्षद प्रवीण डोंगरे, कलाम ख़ान, ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, सुनील उद्दे, ई. लक्ष्मीनारायण, ई. श्रीनिवास, महिला कांग्रेस की पी. सम्मक्का के अलावा युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जांजगीर चांपा एवं रायपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रारंभ

**बलौदाबाजार, 13 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के ससंदीय क्षेत्र क्रमांक- 03 जांजगीर चांपा अनुसूचित जाति वर्ग एवं 08 रायपुर सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। संसदीय क्षेत्र 03-जांजगीर चांपा अंतर्गत इस जिले के विधानसभा 43 बिलाईगढ़ (आंशिक) एवं 44 कसडोल पूर्णतः सम्मिलित है तथा रायपुर लोकसभा अंतर्गत विधानसभा 45-बलौदाबाजार, 46 भाटापारा पूर्णतः सम्मिलित है। अधिसूचना का प्रकाशन आज दिनांक 12 अप्रैल 2024 (शुक्रवार), नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि दिनांक 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार), नामांकन पत्रों की संवीक्षा दिनांक 20 अप्रैल 2024 (शनिवार), नाम वापसी की अंतिम तिथि दिनांक 22 अप्रैल 2024 (सोमवार), मतदान की तिथि दिनांक 07 मई 2024 (मंगलवार), मतगणना की तिथि दिनांक 04 जून 2024 (मंगलवार) है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-03 जांजगीर चांपा हेतु नाम निर्देशन पत्र कार्यालय कलेक्ट्रेट न्यायालय जांजगीर में सार्वजनिक अवकाश की तिथियों को छोड़कर, अधिसूचना अनुसार निर्धारित तिथियों में प्रातः 11 बजे से 03 बजे के मध्य प्राप्त किये जायेंगे। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 08-रायपुर हेतु नाम निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट रायपुर में कलेक्टर न्यायालय में सार्वजनिक अवकाश की तिथियों को छोड़कर, अधिसूचना अनुसार निर्धारित तिथियों में प्रातः 11 बजे से 03 बजे के मध्य प्राप्त किये जायेंगे। सुविधा एप्लीकेशन (सुविधा डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन) के माध्यम से अभ्यर्थी अपना नामांकन फॉर्म एवं शपथ पत्र ऑनलाईन भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

### अभ्यर्थी को विज्ञापन जारी करने के पूर्व प्रमाणन लेना अनिवार्य

**कोरबा 13 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अभ्यर्थियों को समाचार पत्र, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीवी, पोर्टल, फेसबुक, यूट्यूब आदि में विज्ञापन जारी करने के पूर्व प्रमाणन लेना अनिवार्य है। कोरबा जिले के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति जीएसटी भवन कलेक्ट्रेट कोरबा में संचालित है। संबंधित अभ्यर्थी अपने विज्ञापन को जारी करने के पूर्व उस विज्ञापन का प्रारूप, दस्तावेज के साथ वीडियो-ऑडियो क्लिप सीडी और पेनड्राइव दोनों में अपलोड कर कार्यालयीन समय में प्रमाणन के लिए संपर्क कर सकते है।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा 13 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा श्री अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 07759-221096 है। यहां सी-विजिल ऐप, एनजीपीएस, सीपीएस, ऑफलाइन और टेलीफोन के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

### विज्ञापन की अनुमति के लिए एमसीएमसी कक्ष में किया जा सकता है संपर्क

**कोरबा 13 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। निर्वाचन काल में विज्ञापन की अनुमति के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए वाणिज्य कर कार्यालय (जीएसटी भवन) कक्ष क्रमांक 06, 20 में श्री सुरेश कंवर मोबाइल नंबर 9131558605 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के मीडिया प्रतिनिधि निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए मीडिया सेंटर में सुश्री उष्मा घोष मोबाइल नंबर 9810493820, श्री प्रखर सिंह मोबाइल नंबर 9111147484 के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लगी ड्यूटी

**कोरबा 13 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिला कलेक्टर कार्यालय कोरबा में 12 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। जिला कार्यालय परिसर में रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष एवं जिला परिसर के 100 मीटर की अंदर की सुरक्षा की दृष्टिकोण से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने 12 अप्रैल से 22 अप्रैल तक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में तहसीलदार श्री के. के. लहरे एवं अतिरिक्त तहसीलदार श्री अमित केरकेट्टा तथा प्रभारी अधिकारी गौतम सिंह की ड्यूटी लगाई है। उक्त अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे।

# छग के हर एक जिले के फार्मासिस्ट को मिलेगी बेहतर ट्रेनिंग : अरुण कुमार

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**छुरा, 13 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के तत्वाधान में आईएसबीएम विश्वविद्यालय फार्मेसी संकाय मे एक दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम का अध्यक्षकता अरुण कुमार मिश्रा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल रायपुर ने किया। कार्यक्रम मे अश्वनी गुर्देकर रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी कौंसिल, रायपुर, अविनाश अग्रवाल महासचिव एआईओसीडीए, नई दिल्ली, डॉ श्रुति रंजन मिश्रा प्रिंसिपल, दन्तेश्वरी कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी, जगदलपुर, तोषण चंद्राकर कार्यकारिणी सदस्य एआईओसीडीए, धरमवीर सिंह ध्रुव ड्रग इंस्पेक्टर, राहुल तिवारी- उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी कौंसिल, डॉ चंचल दीप कौर- कार्यकारिणी सदस्य, छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी कौंसिल, निकेश देवांगन- कार्यकारिणी सदस्य, छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी कौंसिल, डॉ आनंद महलवार- पी.सी.आई प्रतिनिधि, परमानंद पटेल, मनोनीत सदस्य, अश्वनी कुमार ठाकुर, सचिव डीसीडीए एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वागत उद्बोधन में अरुण कुमार मिश्रा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने बताया कि फार्मासिस्टों के लिए इस प्रकार की कार्यशाला की शुरुआत कवर्धा जिले से हुई और यह कार्यशाला इस कड़ी की दूसरी कार्यशाला है। उन्होने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ के हर जिले में इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा और लगातार ट्रेनिंग देकर उनको अधिक से अधिक जानकारियां दी जाएंगी जिससे वे प्रदेश के साथ-साथ देश के अग्रणी फार्मासिस्टों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर देश की प्रगति में अपना योगदान दे सके। अश्वनी गुर्देकर रजिस्ट्रार छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने अपने भाषण मे बताया कि सभी फार्मासिस्टों का कर्तव्य है कि वे इस समुदाय के हितों की रक्षा करे और फार्मासिस्टों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने के सतत प्रयास करें। एक फार्मासिस्ट एक अच्छा बिजनेसमैन, एक अच्छा डिस्ट्रीब्यूटर और एक अच्छा टीचर भी बन सकता है। इस तरह उन्होंने फार्मेसी के स्कोप को अच्छे तरीके से समझाया।

प्रथम विषयगत भाषणकर्ता अविनाश अग्रवाल महासचिव एआईओसीडीए आपने सरल एवं सहज उदाहरणों के माध्यम से फार्मासिस्ट बिजनेस को और कैसे प्रभावी ढंग से बढ़ा सकता है इसके बारे मे जानकारियाँ दी। दवा व्यवसाय को सर्विस इंडस्ट्री की तरह कार्य करना समय की मांग है। उन्होने दवा व्यापारियो की कोरोना महामारी के परिस्थिति मे भूमिका को सभी श्रोताओ के समक्ष प्रस्तुत किया और यह भी बताया की कैसे हमारे हेल्थ केयर फार्मासिस्ट, ड्रगिस्ट केमिस्ट सभी ने मिलकर भारत के आखिरी छोर तक दवाइयो को पहुंचाया। द्वितीय विषय गत भाषणकर्ता डॉ श्रुति रंजन मिश्रा प्रिंसिपल, दन्तेश्वरी कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी, जगदलपुर जी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का चौथा स्तंभ एक फार्मेसी ही है। आजकल नए-नए टेक्नोलॉजी का विकास हो चुका है जिसको फार्मासिस्ट को जानना होगा तभी वह कदम से कदम मिलाकर चल सकेगा। जिस तरह बहते पानी में गंदगी नहीं रहती, उसी भांति इस जीवन में ज्ञान से अपडेटेड फार्मासिस्ट को भी निरंतर पानी की तरह बहते रहना है अर्थात निरंतर काम करते रहना है। तृतीय भाषण कर्ता धर्मवीर सिंह ध्रुव ड्रग इंस्पेक्टर गरियाबंद ने बताया कि बिजनेस करना है लेकिन ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट रूल्स को पालन करते हुए, जिससे एक फार्मासिस्ट की भूमिका भी अच्छी बनती है और समाज को एक नई दिशा प्रदान करती है।

डां. एन कुमार स्वामी ने अपने आभार वार्ता मे बताया कि समाज में फार्मासिस्ट की भूमिका महत्वपूर्ण है इस सकारात्मक, उद्देश्यपूर्ण एवं सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद दिया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः से आईएसबीएम वि वि के अकादमिक अधिष्ठाता (डीन) डॉ. एन. के. स्वामी, स्कूल ऑफ फार्मेसी के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी साहू, ओमप्रकाश साहू, पूनम राजपूत, लुकेश्वरी वर्मा एवं सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम. अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी पी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. संदीप कुमार साहू, संकाय प्रमुख(डीन) डॉ. एन. के. स्वामी, सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

## बड़ी उपलब्धिः स्वीप रैली के तहत पहली बार 51 ट्रैक्टरों के साथ 25 किलोमीटर की निकाली गई रैली

# कलेक्टर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 13 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार- भाटापारा को बड़ी उपलब्धि मिली है। जिसके तहत मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत दो दिन पूर्व आयोजित हुई 51 ट्रैक्टरो के साथ 25 किलोमीटर लंबी ट्रैक्टर रैली का आयोजन कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। जिसमें विशेष कर कलेक्टर के द्वारा स्वयं चलाया गया ट्रैक्टर की सराहना हुई है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के सभी विभागों के द्वारा संपन्न किया गया था।

जिला प्रशासन द्वारा चैलेंज को स्वीकार करते हुए आज जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन बलौदाबाजार में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के स्टेट प्रतिनिधी सोनल शर्मा ने अपने हाथो से कलेक्टर के एल चौहान को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, जनपद पंचायत सीईओ रोहित नायक, मंडावी, तहसीलदार राजू पटेल, भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही आज नगर भवन में महिला स्व सहायता समूह के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मेंहदी लगाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किए। इस दौरान कलेक्टर के एल चौहान के द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प भी दिलाया गया। साथ ही इस मोके पर सुर संगम टीम द्वारा बहुत ही आकर्षण गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिए। एल इस मौके पर जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग टिकवेन्द्र जाटवर, एनआईसी सत्यनारायण प्रधान, सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी, एलसहित सभी जनपद सीईओ, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वामी आत्मानंद स्कूल के स्टॉफ एवं स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर के एल चौहान ने उक्त आयोजन को बेहद सफल बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, वन, आदिवासी विकास विभाग सहित सभी अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिए। उन्होनें कहा कि आप सभी का मेहनत रंग लायी। आप सभी ने बहुत मेहनत कर इस उपलब्धि को हासिल किए। आगे भी भविष्य में इस तरह मेहनत कर समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करें।

गौररतलब है कि पूर्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को 5 विभिन्न वर्गों में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स से सम्मानित हो चुका हैं। इस तरह अब जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा 6 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स बना लिए है। पूर्व में 11 जून 2022 को आयोजित सर्वाधिक व्यक्तियों द्वारा कार्यालय परिसर की साफ सफाई हेतु पुरूस्कार प्रदान किया गया है। जिसमे कुल 52 हजार 693 लोग एक साथ एक समय में शामिल हुए थे। इसी तरह हेलमेट जागरूकता के लिए 1 जुलाई 2022 को नियमित हेलमेट पहनने वालो का सबसे बड़ा सम्मान समारोह जिले के विभिन्न स्थानों में किया गया। जिसमें 5 हजार 204 लोगो का सम्मान करने हेतु गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का पुरुस्कार प्राप्त हुआ है। साथ ही हेलमेट जागरूकता के लिए सबसे बड़ी रैली का आयोजन जिसमे एक स्थान पर 272 तथा जिले में विभिन्न स्थानों में कुल 7 हजार 263 लोग शामिल हुए जिसकों भी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स बनाने का पुरुस्कार प्रदान किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर 2023 को जिले के 7 सौ से अधिक स्थानों में सवा लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया था। हस्ताक्षर अभियान महिला सशक्तिकरण बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प है एवं स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान थीम पर आयोजन किया गया था।

# निःशुल्क फिजिकल फिटनेस ट्रेनिंग का समापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 13 अप्रैल।** डीजी ट्रेनिंग एकेडमी कोर्रा के तत्वाधान में 1 दिवसीय फिजिकल फिटनेस ट्रेनिंग का आयोजन स्कूल ग्राउंड में रखा गया था जिसमें एकेडमी के प्रशिक्षार्थी व आर्मी ऑफिसर एवं गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया उक्त सम्मेलन बच्चों के आर्मी, पुलिस, फिटनेस ट्रैनिंग, व्यायाम एवं जीवन में खेलो के महत्व को परखने व खिलाड़ियों को प्रेरणा, मार्गदर्शन के लिए फिटनेस ट्रेनिंग करवाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एच.के साहू, विशिष्ट अतिथि कबीर, मुख्य अतिथि आर्मी मैन भूपेश, गिरधर, एकेडमी के संरक्षक रामकुमार साहू, प्रशिक्षक, गुलशन साहू, देवेन्द्र साहू एवं एकेडमी के सदस्य उपस्थित रहेद्य संरक्षक रामकुमार साहू द्वारा एकेडमी को चिन-अप, पुश-अप, लेडर बार व अन्य ट्रेनिंग सामग्री प्रदान किया गया इस अवसर प्रशिक्षक गुलशन साहू ने छ्त्र ट्रेनिंग एकेडमी ज्वाइन करने के लिए अपील करते हुए कहा कि कोचिंग क्लास 1 अप्रैल से प्रारंभ हुआ जो पूरी तरह निःशुल्क था।

### संयुक्त टीम ने की स्टाफ बसों और निजी यात्री बसों की चेकिंग

**कोरबा 13 अप्रैल।** बीते मंगलवार को कुम्हारी रायपुर में एक उपक्रम के स्टाफबस में हुई घटना से सबक लेते हुए कोरबा आर.टी. ओ विवेक सिन्हा के नेतृत्व में, ऑफिस स्टाफ सतानंद जांगड़े, संजय वस्त्रकार ,विकास ठाकुर, प्रवर्तन स्टाफ एएसआई प्रवीण कुमार , प्र. आर. के. पी. यादव , लोमस वर्मा व ट्रैफिक कोरबा एएसआई ईश्वरी लहरे, प्र.आर.संतोष सिंह की सयुक्त टीम द्वारा विभिन्न उपक्रमों के स्टाफ बसों और निजी यात्री साधारण बसों की चेकिंग कल रात व दिन भर की गई. चेकिंग दौरान 23 बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा आदि दस्तावेजों की जांच की गई बसों के सुरक्षा मानकों यथा अग्निशामको,फर्स्टेड बॉक्स, हैडलाइट ब्रेक लाइट,सीट बेल्ट ,चालक के नशा मुक्त होने संबंधी जांच की गई।

## समाचार संक्षेप

### भोथीडीह में शराब की अवैध बिक्री करने वाले को पुलिस ने किया ह्यह्यगिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 13 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में, अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा एवं निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण के मार्गदर्शन में एवं उप निरीक्षक किशन कुंभकार प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस सहायता केंद्र निपनिया पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 12 अप्रैल को पुलिस सहायता केंद्र निपनिया की पुलिस टीम द्वारा ग्राम भोथीडीह में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 3300 कीमत मूल्य का 30 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्र. 217/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### 100 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के साथ दो कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार







**बलौदाबाजार, 13 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश सिंह ठाकुर वं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 12 अप्रैल को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्र आर.संतराम बंजारे, अंजोर सिंह मांझी आरक्षक देव निराला, अश्वनी पैकरा, रमाकांत भारतद्वाज म.आर. मंजु वर्मा द्वारा में आरोपियो से अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखने 02 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से कुल 100 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती 20, 000 रूपये जप्त किया गया है। आरोपीयो के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 269/2024, 270/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों के नाम- धनेश्वर कुर्रे पिता साधराम कुर्रे उम्र 50 साल साकिन रिसदा सतनाम चौक थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार छग., रामेश्वर कुर्रे पिता साधराम कुर्रे उम्र 50 साल साकिन रिसदा सतनाम चौक थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार छग हैं।

### नारा लेखन और रैली निकालकर मतदाताओं को कर रहे जागरूक




**कोरबा 12 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में दूरस्थ ग्राम सभी ब्लॉक में दीवार लेखन भी किया गया। सिमकेदा और अमलडीहा,कटकोना,गुरमा बेला, तराईमारडीह, कनकी, घिनारा, ढोंढातराई सहित अन्य ग्रामों में स्वसहायता समूह/बिहान से जुड़ी महिलाओं ने दीवार लेखन कर मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने प्रेरक सन्देश से मतदान दिवस 07 मई को मतदान करने की अपील मतदाताओं से की। महिलाओं ने मतदान का महत्व बताते हुए लोकतंत्र के निर्माण में मतदाताओं को जागरूक होकर मतदान करने की अपील की। इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा के एनआरएलएम कैडर और जनपद पंचायत के कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित किया गया। इसी तरह कटघोरा अंतर्गत ग्राम झाबर,बेलटिकरी में समूह की महिलाओं ने दीवार लेखन कर मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया।

## कलेक्टर ने मतदाताओं को किया जागरूक, दिलाई शपथ, लोकतंत्र को मजबूत बनाने मतदान को बताया जरूरी

# पंगडंडियों और कच्ची राह से पैदल चलकर कलेक्टर पहुंचे अंतिम छोर के गांव

**कोरबा 13 अप्रैल।** रायगढ़ जिले की सीमा से लगे कोरबा ब्लॉक के दूरस्थ एवं अंतिम छोर के ग्राम पंचायत अमलडीहा के आश्रित ग्राम बलसेंधा और मालीकछार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप की गतिविधियां संचालित करने चयन किया था। स्वीप के कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को मतदान हेतु प्रेरित करने कलेक्टर श्री वसंत लगभग डेढ़ किलोमीटर तक पगडंडियों तथा कच्चे रास्तों से होकर पैदल चले। कलेक्टर ने स्वीप अंतर्गत ग्रामीण मतदाताओं को






मतदान के महत्व को बताते हुए उन्हें अपने पसंद के प्रत्याशियों को मत देने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र के निर्माण में सभी का मत महत्वपूर्ण होता है। हम सभी मतदान में जितनी अधिक संख्या में भागीदारी देंगे, हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने मतदाताओं को किसी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कोरबा जिले के अंतिम छोर ग्राम मालीकछार जो कि रायगढ़ जिले की सीमा से लगा हुआ है, वहां स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम संचालित किया गया। इस दौरान गांव में पैदल रैली निकाली गई। ग्रामीणों द्वारा मतदान करने के संदेश दिए गए। कार्यक्रम में कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ पैदल चलकर मतदाता जागरूकता रैली में भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मतदान करने की शपथ भी ली। इस दौरान नारा लेखन, मतदाता जागरूकता अंतर्गत बनाई गई रंगोली का अवलोकन भी कलेक्टर ने किया। कलेक्टर ने लोकसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु 07 मई दिन मंगलवार को मतदान केंद्रों में सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक जागरूक होकर इस लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से शांति पूर्ण मतदान की अपील मतदाताओं से की।

# जुआ-सट्टा के आरोपियों को छुड़ाने मुजगहन थाना में रातभर हंगामा

## जेल से छूटने के बाद पुलिस को देख लेने की धमकी





**रायपुर, 13 अप्रैल।** राजधानी रायपुर के मुजगहन थाने में बदमाश के समर्थकों ने रातभर जमकर हंगामा मचाया. यहां शराब बिक्री और सट्टा संचालन करने वाले आसकरण नामक बदमाश को छुड़वाने के लिए भीड़ थाने पहुंच गई और हंगामा किया. इतना ही नहीं थाने पहुंचे लोगों ने आरोपियों के जेल से छूटते ही देख लेने की धमकी देते हुए जमकर गालियों की बौछार की.

अवैध जुआ संचालन और शराब बिक्री में गिरफ्तार दूसरे आरोपी छोटू बंजारे को भी छुड़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे. मामले की गंभीरता को समझते हुए मुजगहन थाना में ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर, सीएसपी, आरआई, टीआई समेत अतिरिक्त बल मौजूद था.

पूरे मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर ने कहा कि लगातार इस क्षेत्र में शराब बिक्री का मामला सामने आया था. जिसको लेकर आरोपी छोटू बंजारे और उसके अन्य और साथी है. जहां पुलिस टीम पहुंची थी. उसको लेकर आए थे. घटना के बाद पुलिस टीम पहुंची और उसको लेकर आए थे. जिसके बाद परिजन थाने आए थे. जिन्हे समझा बुझा कर वापस भेजा हो गया है. इस मामले पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि थाने में किसी तरह की तोड़फोड़ नहीं की गई है। कानून सम्मत कार्रवाई पुलिस ने की है। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना मिलने पर थाना मुजगहन पुलिस टीम के द्वारा प्रकरण में आरोपी संजय उर्फ छोटू बंजारे एवं आरोपी टिकेश यादव के पास 36 पाव देशी मदिरा मसाला शराब जप्त कर अपराध क्रमांक 116/2024 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम, आरोपी लोकनाथ साहू से 33 पाव देशी मदिरा मसाला शराब जप्त कर अपराध क्रमांक 117/2024 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम एवं आरोपी अब्दुल कलाम खान से 30 पाव देशी मदिरा मसाला शराब जप्त कर अपराध क्रमांक 118/2024 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत् विधिवत् कार्यवाही की गयी है। छोटू बंजारे के जुआ, आबकारी और आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। सभी जेल भेजे जा रहे।

उपरोक्त आरोपियों द्वारा पूछताछ पर आसकरण गिलहरे की संलिप्तता होने के संबंध में बताये जाने पर आसकरण गिलहरे को थाना तलब कर पूछताछ पर, संलिप्तता नहीं पाये जाने पर थाना से छोड़ा गया, इस दौरान आसकरण गिलहरे के साथ आये लोगों द्वारा थाना में हंगामा कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया गया, जिस पर उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में अपराध क्रमांक 119/24 धारा 147, 186, 332, 353, 427 भादवि पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

# बृजमोहन, सरोज के नामांकन में उपस्थित रहेंगे केंद्रीय मंत्री

■ मुख्य नगर संवाददाता

- 15 अप्रैल को शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन दाखिल करने की तैयारी
- विकास उपाध्याय 19 अप्रैल को समर्थकों के साथ भरेंगे नामांकन

**रायपुर, 13 अप्रैल।** रायपुर व कोरबा लोकसभा के हाईप्रोफाइल प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले में केंद्रीय मंत्रियों के आने की संभावना है। बृजमोहन अग्रवाल रायपुर में 15 अप्रैल को नामांकन भरेंगे। मुख्यमंत्री के अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भी आमंत्रित किया गया है। रायपुर से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे।

भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा ने अपने प्रत्याशियों को चुनाव जीताने के लिए एक सुनियोजित रणनीति के तहत विशाल जुलूस निकालकर राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन करने का निश्चय किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 15 अप्रैल को रायपुर तथा 16 अप्रैल को रायगढ़ में उपस्थित रहकर भाजपा प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल करवाएंगे। वे दुर्ग, कोरबा, जांजगीर-चांपा तथा सरगुजा भी जाएंगे। रायपुर के शीर्ष भाजपा पदाधिकारियों के अनुसार बृजमोहन अग्रवाल लोकसभा चुनाव जीत के प्रति आश्वस्त हैं लेकिन वे जीत का अंतर बढ़ाना चाहते हैं। इसको लेकर निरंतर बूथ स्तर पर बैठकें चल रही है। भाजपा प्रत्याशी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों का एक चक्र का दौरा कर लिया है। 15 अप्रैल को रजबंधा मैदान स्थित भाजपा कार्यालय से एक विशाल रैली निकाली जाएगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार इस अवसर पर नितिन गडकरी को भी आमंत्रित किया गया है। वर्तमान में नितिन गडकरी केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री हैं। वे नागपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। कोरबा से सरोज पांडेय चुनाव लड़ रहीं हैं। यहां नामांकन के समय केंद्रीय मंत्री अमित शाह के आने की चर्चा है। अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। रायगढ़ से हृदयराम राठिया भाजपा प्रत्याशी हैं। वे भी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। उनके विरूद्ध कांग्रेस की डॉ. मेनका सिंह चुनाव मैदान में हैं। डॉ. मेनका सिंह सारंगढ़ राजपरिवार की है। इसके पूर्व वे विधानसभा चुनाव हार चुकीं हैं। कोरबा में सरोज पांडेय और कांग्रेस की ज्योत्सना महंत के बीच सीधी टक्कर हैं। बिलासपुर में पैराशुट प्रत्याशी कहे जाने वाले कांग्रेस के देवेन्द्र यादव को स्थानीय नेताओं का सहयोग नहीं मिल रहा है। पार्टी में अंतर्कलह से वे परेशान हैं।

### बस्तर में चुनाव प्रचार हुआ तेज

बस्तर में चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। यहां पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। 17 अप्रैल को शाम 3 बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। अंतिम क्षणों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावी सभा होंगी। यहां से कांग्रेस के कवासी लखमा तथा भाजपा के महेश कश्यप आमने-सामने हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहां रोड शो कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की है।

# कांग्रेस देश विरोधियों का गिरोहः भाजपा



**रायपुर, 13 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कन्हैया कुमार के बतौर स्टार प्रचारक छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कांग्रेस की दयनीय दशा और वैचारिक दरिद्रता पर जमकर हमला बोला है। शर्मा ने सवाल दागा है कि कांग्रेस राजनीतिक दल है या वामपंथियों के हाथों का खिलौना बनकर रह गई है? आखिर सैकड़ों राष्ट्रविरोधी बयान देने वाले कन्हैया कुमार को कांग्रेस ने अपना स्टार प्रचारक बनाकर अपने राजनीतिक चरित्र को बेनकाब कर दिया है। शर्मा ने कहा कि ऐसे वैचारिक भटकाव के चलते इतिहास बनाने के दावे करती कांग्रेस बहुत जल्द इतिहास बनने की ओर अग्रसर हो रही है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने शनिवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ के दौरान पत्रकारों से कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि 'भारत तेरे टुकड़े होंगे इंशाअल्लाह, अफजल हम शर्मिंदा हैं-तेरे कातिल जिंदा हैं' जैसे नारे जिनके नेतृत्व में लगने के आरोप है और सेना के जवानों पर महिलाओं के साथ बलात्कार करने जैसे निंदनीय आरोप मढ़ने वाले, भारत माता के जयकारे का मजाक उड़ाने वाले, कन्हैया कुमार का कांग्रेस पोषण कर रही है। भगवान श्रीराम ने जिस भारत भूमि को माता कहकर 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' कहकर वंदना की है, उस भारत माता की जयकार का मखौल उड़ाकर जिस कन्हैया कुमार ने भारत राष्ट्र की अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव को लहूलुहान करने का धत्कर्म किया, आज उसे छत्तीसगढ़ बुलाकर अपने पक्ष में प्रचार करवा कर कांग्रेस ने यह साबित कर दिया है कि वह न केवल राजनीतिक तौर पर लाचार हो गई है, अपितु राष्ट्रविरोधी ताकतों का हथियार भी बनकर रह गई है। शर्मा ने कहा कि सेना के जवानों पर बलात्कार जैसे घृणित आरोप मढ़ने वाले कन्हैया कुमार तब दिल्ली के जेएनयू में जश्न मना रहे थे, जब छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में सेना के 72 जवान शहीद हुए थे। क्या कांग्रेसी और कन्हैया कुमार अपने इस आचरण के लिए कभी शर्मिंदगी महसूस करेंगे?

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने कहा कि कन्हैया कुमार जैसे संस्कृतिविरोधी, देश विरोधी कन्हैया कुमार को छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के लिए बुलाकर कांग्रेस ने अपने राजनीतिक और वैचारिक दारिद्य के स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिया है। इससे यह भी आईने की तरह साफहो गया है कि कांग्रेस अब एक राजनीतिक दल नहीं, देश विरोधियों का गिरोह बनकर रह गई है। ऐसी भारतविरोधी मानसिकता वालों से प्रचार करवाने से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का सूपड़ा साफहोना तय हो गया है। शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राष्ट्रभक्त जनता राष्ट्रविरोधी मानसिकता को करारा जवाब देना अच्छी तरह जानती है।

## एक नजर

### धर्मशाला में कक्ष निर्माण के लिए ढाई लाख दान

**रायपुर, 13 अप्रैल।** सुहागा मंदिर धर्मशाला में कक्ष निर्माण हेतु शीला मिश्रा ने 251000/की दान राशि प्रदान की है। यह जानकारी देते हुए प्रमुख ट्रस्टी ज्ञानेश शर्मा ने कहा राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सुहागा मंदिर ब्राह्मण पारा रायपुर में बन रहे धर्मशाला में कक्ष निर्माण हेतु शीला मिश्र मटिया वाले, निवासी सत्यप्रेम विहार महादेव घाट रोड, सुंदरनगर ने अपने पति स्व ओमप्रकाश मिश्रा की स्मृति में दो लाख पचास हजार रूपए की राशि दान स्वरूप प्रदान किया है। राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सुहागा मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने उदारता के लिए मिश्रा परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### झीरम के संदिग्ध कवासी लखमा को प्रत्याशी क्यों बनाया : शुक्ला

**रायपुर, 13 अप्रैल।** हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व में कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे चंद्रशेखर शुक्ला ने राहुल गांधी को एक पत्र लिखकर कहा है कि छत्तीसगढ़ की पावन धरा में आपका स्वागत है। कॉंग्रेस का पूर्व कार्यकर्ता होने के नाते कुछ प्रश्न जो सदैव मुझे परेशान करते रहे आपसे करना चाहता हूँ, आपेक्षा, आगृह है आप जवाब देंगे। जिस कवासी लखमा को पूरा छत्तीसगढ़ और पूरा कॉंग्रेस झीरम घाटी नरसंहार का संदिग्ध मानता है तथा जिसे तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने भी 2013 में संदिग्ध ठहराया था को आपने क्या क्लीन चिट देकर लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है? क्या झीरम के शहीदों को आप शहीद नहीं मानते हैं या सिर्फ शहीद सिर्फवही हैं जो आपके परिवार से हैं, आपने इनको न्याय दिलाने के लिये संसद में कितनी बार मांग/प्रयास किया है? पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिन सबूतों को जेब में डाल के रखे हुये हैं वह सबूत कब बाहर आयेंगे? अब तो आपकी सरकार भी चली गई माननीय भूपेष बघेल जी किसे बचाना चाहते हैं। मेरा यह मानना है झीरम घाटी का नरसंहार कॉंग्रेस के नेताओं की आपसी खूनी रंजिश की परीणिती है जिसमें शहीद विद्या भैय्या, शहीद नंद कुमार पटेल, शहीद महेन्द्र कर्मा जी और शहीद उदय मुदलियार सहित 31 अन्य कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं को शहादत देनी पड़ी थी। मेरा शहीद उदय मुदलियार के परिवार से भी आग्रह है कि राजनांदगांव चुनाव के प्रत्याशी भूपेश बघेल को सबूत को सार्वजनिक करने का आग्रह करें।

### ट्रक की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

**रायपुर, 13 अप्रैल।** गेट नंबर 1 कबीरनगर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा वाहन को टक्कर मार दिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है। मामले में कबीरनगर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। तिली जानकारी के अनुसार मृतक सुखविंदर सिंह 45 वर्ष मंगलवार को अपने साथी उजीतराम कुर्रे के साथ एक्टिवा में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी गेट नंबर 1 कबीरनगर के पास ट्रक क्रमांक एमएच 26 बीई 0637 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को ठोकर मार दिया। जिससे सुखविंदर और उजीतराम घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान सुखविंदर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# बस्तर के संवेदनशील केंद्रों में मतदान दलों को वायुसेना के हेलीकाप्टर से भेजा जाएगा

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 13 अप्रैल।** बस्तर लोकसभा में प्रथम चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान की समस्त तैयारियों की जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ले रहीं हैं। बस्तर में विभिन्न मतदान केंद्रों में मतदान दलों को हेलीकाप्टर से भेजा जाएगा। यहां पर बड़ी संख्या में केंद्रीय पुलिस बल को तैनात किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार बस्तर लोकसभा में निर्वाचन ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के लिए जिले के सुविधा केंद्रों में डाक मतदान की प्रक्रिया 6 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। डाक मतपत्रों के माध्यम से अभी तक 33 मत प्राप्त हुए हैं। प्रथम चरण में संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 196 है। यहां पर संवेदनशील मतदान केंद्रों में मतदान दलों को हेलीकाप्टर से ले जाया जाएगा तथा दूसरे दिन उन्हें वापस लाया जाएगा। कुल 167 केंद्रों में 1003 व्यक्तियों को हेलीकाप्टर से पहुंचाया जाएगा। इसके लिए वायुसेना से हेलीकाप्टर मांगा गया है। भारतीय वायुसेना के प्रमुख के आज यहां पर आने की संभावना है। नक्सली क्षेत्रों में मतदान दलों पर हमले को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। ईवीएम तथा वीवीपैट परिवहन करने वाले वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगाया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीनाबाबा साहब कंगाले ने गत दिनों जगदलपुर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान दलों को भी विधिवत प्रशिक्षण देने के लिए दिशा-निर्देश दिया था। बस्तर में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-85 में मतदान का समय प्रातः 7 से अपरान्ह 5 बजे तक। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-86 जगदलपुर के 175 मतदान केंद्रों में मतदान का समय प्रातः सात बजे से अपरान्ह 5 बजे तक को छोड़कर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर के शेष क्षेत्रों में मतदान का समय प्रातः 7 से अपरान्ह 3 बजे तक है। प्रथम चरण में पुलिस व सुरक्षा बलों के परिवहन हेतु वाहन उपलब्ध करा दिए गए हैं। सी-विजिल से मिलने वाली शिकायतों का भी निराकरण किया जा रहा है। प्रचार-प्रसार संबंधी विभिन्न अनुमतियों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 432 स्वीकृत किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य, व्यय तथा सुरक्षा प्रेक्षक निरंतर चुनाव के संबंध में तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

### रायपुर ने रचा इतिहास सात लाख लोगों ने मतदान की ली शपथ

**रायपुर, 13 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज मतदाता जागरूकता अभियान में रायपुर ने इतिहास रच दिया है. एक ही दिन में 29 विभाग और संस्थान के सात लाख एक हजार आठ सौ इन्क्याबे लोगों ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली. साथ ही जिले में 100 प्रतिशत मतदान की अपील भी की गई. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन, जनपद ग्राम पंचायत रायपुर, शासकीय विद्यालय, मत्स्य विभाग, नालंदा, सेंट्रल व तक्षशिला लाइब्रेरी, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी विभाग, तहसील कार्यालय रायपुर एवं धरसीवां, लोक निर्माण विभाग, समाज कल्याण विभाग, सांख्यिकी विभाग, निर्माण विभाग, विधिक मापविज्ञान, महानदी जलाशय परियोजना, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, मनरेगा पशु चिकित्सा विभाग, कलिंगा यूनिवर्सिटी, जिला सहकारिता विभाग, कार्यपालन अभियंता तिल्दा नेवरा, नगर पालिका मंदिरहसौद, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंडस्ट्रियल एरिया, नगर निगम रायपुर एवं बीरगांव, कार्मिक विभाग रायपुर मंडल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बैंक आदि स्थानों पर सामूहिक तौर पर मतदाता जागरूकता की शपथ ली गई.

# बृजमोहन अग्रवाल ने चम्पारण, नवापारा में किया रोड शो



**रायपुर, 13 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर पड़ी है। रायपुर लोकसभा से पार्टी उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल ने अपना जनसंपर्क तेज़ कर दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के चम्पारण और नवापारा मंडल में रोड शो किया और जनसंपर्क अभियान चलाया। बृजमोहन अग्रवाल के अभियान की शुरुवात चम्पारण मंडल के भिलाई गांव से हुई जिसके बाद तोरला, टीला, चम्पारण, पोंड गांव में जनसंपर्क किया इसके बाद बृजमोहन अग्रवाल नवापारा मण्डल के मंदलोर, परसदा, छांटा, पारागांव, नवागांव इलाकों में जनता से मुलाकात कर भाजपा के लिए वोट मांगे और मोदी जी को एक बार पुनः प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। अग्रवाल ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव राष्ट्र निर्माण का चुनाव है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है। विकसित भारत बनाने का चुनाव है यह चुनाव भारतीयों को विश्व में आत्म सम्मान दिलाने का चुनाव है। एक ऐसे भारत के निर्माण का चुनाव है जहां गरीब महिला युवा किसान को आत्म निर्भर बनाने उनके जीवन में खुशहाली लाने का चुनाव है। इसलिए सभी लोग प्रचंड मतों से भाजपा को विजयी बनाएं और केंद्र में मोदी सरकार को मजबूत बनाएं।

# गुड टच-बैड टच पर कार्यशाला



**रायपुर 13 अप्रैल।** बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए प्रियदर्शनी नगर स्थित मिनी मार्वल्स प्रीस्कूल में गुड टच बैड टच कार्यशाला का आयोजन करा गया. शताब्दी सुबोध पांडे, सदस्य सलाहकार बोर्ड, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और भारवी वैष्णव, प्रशासक छत्तीसगढ़ कॉलेज ऑफनर्सिंग ने इस शैक्षिक कार्यशाला का नेतृत्व किया। इस आयोजन का उद्देश्य माता-पिता को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बीच महत्वपूर्ण अंतर सिखाना था, जिससे उन्हें अपनी और अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए ज्ञान और रणनीतियों से लैस किया जा सके।

कार्यशाला में 2 से 6 वर्ष के बच्चों के माता-पिता ने भाग लिया। कार्यक्रम में आवश्यक विषयों को शामिल किया गया, जिसमें व्यक्तिगत सीमाओं को समझना, अनुचित व्यवहार को पहचानना और विश्वसनीय वयस्कों के साथ संवाद करने का महत्व शामिल है। आयोजकों ने इंटरैक्टिव सत्रों, आकर्षक कहानी कहने और भूमिका निभाने वाले अभ्यासों के माध्यम से, बच्चों के अनुकूल तरीके से संवेदनशील जानकारी को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया।

राष्ट्रपति अवार्ड सम्मानित प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता शताब्दी सुबोध पांडे ने जोर देकर कहा, हमारे बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना सर्वोपरि है। हमें उन्हें उन ज्ञान और उपकरणों से लैस करना चाहिए जो उन्हें प्राप्त होने वाले स्पर्शों के बारे में अपनी भावनाओं को समझने और व्यक्त करने के लिए आवश्यक हैं। नो-गो-टेल फार्मूला बच्चों को समझाना होगा। कुछ भी गलत लगने पर न बोलना, वहाँ से दूर चले जाना व जो किसी भी विश्वसनीय व्यक्ति को उसके बारें में जानकारी देना। माता पिता को बच्चो को अपना समय देते हुए उनसे नियमित रूप से बातचीत करनी होगी। बच्चों के बर्ताव में थोड़ा सा भी बदलाव होने पर उसके जड़ तक जाना होगा।

## कवासी लखमा को डिप्टी सीएम अरुण साव की नसीहत

# चुनाव के दौरान करना चाहिए मर्यादा का पालन



**रायपुर, 13 अप्रैल।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि इससे पता चलता है वे किस प्रकार से नियमों के विपरीत जाकर बोल रहे हैं, किस प्रकार से आचार संहिता का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं. इसके साथ ही उन्होंने नसीहत दी कि चुनाव के दौरान सभी को मर्यादाओं का पालन करना चाहिए, जिससे चुनाव शांतिपूर्वक और निष्पक्षता से संपन्न हो. इसे भी पढ़ें : पूर्व ष्टरू भूपेश बघेल का बड़ा बयान, बोले- देश का संविधान बदलना चाहती है भाजपा, इसलिए कह रहे 'अबकी बार 400 पार'

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि दुनिया शक्ति की आराधना कर रही है. चैत्र नवरात्रि का यह पर्व चल रहा है. पंचमी का दिन हम सब शक्ति का आराधना करें, जो शक्ति से लड़ने की बात करता है. मुझे लगता है कि किसमें इतनी शक्ति है, जो शक्ति से लड़ सके, समय उसका जवाब निश्चित रूप से देगा.

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए. 2018 के विधानसभा चुनाव में जो वादे किए थे, उनकी सरकार ने कोई भी वादा पूरा नहीं किया, छल किया, छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा दिया. वे फिर से एक बार झूठ का पुलिंदा और झूठे वादे का पिटारा लेकर छत्तीसगढ़ में आ रहे हैं. छत्तीसगढ़ की जनता का उनकी बातों पर कोई असर नहीं होने वाला है, क्योंकि एक बार झूठ बोलकर जा चुके हैं झूठा वादा कर चुके हैं.

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छत्तीसगढ़ दौरे पर अरुण साव ने कहा कि बीजेपी के केंद्रीय नेताओं का प्रचार के लिए आना प्रारंभ हो गया है. प्रदेश के मुख्यमंत्री और दूसरे नेता लगातार सभाएं और बैठकें ले रहे हैं. सभी मोर्चा प्रकोष्ठ पूरी ताकत से चुनाव अभियान में जुड़ चुके हैं. छत्तीसगढ में हम मिशन 11 पर काम कर रहे हैं. 11 की 11 लोकसभा सीट जीतने की दृष्टि से पूरी ताकत से जुड़े हुए हैं. कार्यकर्ताओं में, जनता में उत्साह है.

वहीं कांग्रेस पार्टी द्वारा महिलाओं से फॉर्म भरे जाने पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के वादे और घोषणा पत्र के बारे में देश की जनता बखूबी जानती है. ये चुनाव जीतने वाले नहीं है, इन्होंने कभी वादा पूरे नहीं किया. झूठे वादे करने में यह माहिर रहे हैं. जनता पर इसका कोई असर होने वाला नहीं है.

### जहां-जहां राहुल गांधी के पांव पड़े वहां-वहां कांग्रेस का बंटाधार



**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष पर साधा निशाना**

**रायपुर, 13 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए बस्तर लोकसभा सीट में मतदान होना है। पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेता बस्तर के दौरे पर आ रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने के लिए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी आज बस्तर दौरे पर आएँगे। वहीं भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बस्तर के दौरे पर आ रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा के बड़े नेताओं के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर अब बयान बाजी शुरू हो गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर राहुल गांधी पर तंज कसा है। सीएम विष्णुदेव साय ने बया बयान देते हुए कहा कि, राहुल गांधी के आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अब तक जहां-जहां राहुल गांधी के पांव पड़े हैं, वहां कांग्रेस का बंटाधार ही होता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26